कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 300, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 26 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कबाड़ में बदले जाएंगे 15 साल पुराने सरकारी वाहन

## केंद्र ने पुरानी सरकारी गाड़ियों को कबाड़ में भेजने की तैयारी की

**नागपुरः** केंद्र सरकार ने पुरानी सरकारी गाड़ियों को कबाड़ में भेजने की तैयारी कर ली है। शुक्रवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ऐसी सभी गाड़ियों को रद्द की जाएगी जो 15 साल पुरानी है। इससे संबंधित पॉलिसी सभी राज्य सरकारों को भेज दी गई है। उन्होंने यह बातें नागपुर में एक कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान कही। गडकरी के मुताबिक केंद्र सरकार के इस फैसले को राज्य सरकार को अपने स्तर पर लागू करना चाहिए। बता दें कि केंद्र अपने मोटर व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी के तहत 15 साल से पुरानी गाड़ियों हटाने को लेकर प्रतिबद्ध है। इस पॉलिसी पर परिवहन मंत्रालय काफी वक्त से काम कर रहा है।

**पिछले साल नेशनल व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी शुरू हुई थीः** दरअसल, गडकरी नागपुर में आयोजित एनुअल एग्रीकल्चर एग्जीबिशन (एग्रो-विजन) का उद्घाटन करने पहुंचे थे। सभा को संबोधित करने उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल अगस्त में नेशनल व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी शुरू की थी। ढट ने कहा था कि यह पॉलिसी पुराने और प्रदूषण फैलाने वाले गाड़ियों को स्टेप वाइज खत्म करने में मदद करेगा।

**देश के हर जिले में 3 कबाड़ केंद्र खोलने की योजनाः**
हाल ही में गडकरी ने बताया था कि सरकार ने देश के हर जिले में कम से कम तीन रजिस्टर्ड वाहन कबाड़ केंद्र खोलने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि सड़क मंत्रालय को रोपवे, केबल कार और फनिक्युलर रेलवे (केबल रेलवे) के लिए 206 प्रस्ताव मिले हैं। और सरकार हर जिले में तीन पंजीकृत वाहन कबाड़ सुविधाएं या केंद्र खोल सकती हैं।





## भारत का इतिहास, सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। यह योद्धाओं का इतिहासः मोदी

# देश का लिख रहे नया इतिहासः पीएम

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के इतिहास को दबाया गया। पहले जानबूझकर विदेशी एजेंडा बढ़ाने का काम किया गया। भारत का इतिहास, सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। यह योद्धाओं का इतिहास है। अत्याचारियों के विरुद्ध अभूतपूर्व शौर्य और पराक्रम दिखाने का इतिहास है। हम इन गलतियों को सुधार रहे हैं।

पीएम बोले कि दुर्भाग्य से हमें आजादी के बाद भी वही इतिहास पढ़ाया जाता रहा, जो गुलामी के कालखंड में साजिशन रचा गया था। आजादी के बाद जरूरत थी हमें गुलाम बनाने वाले विदेशियों के एजेंडों को बदला जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। देश के हर कोने में मां भारती के वीर बेटे-बेटियों ने कैसे आतताइयों का मुकाबला किया, अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसे जानबूझकर दबा दिया गया। मोदी शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में असम के वीर सपूत लचित बरफुकान की 400वीं जयंती कार्यक्रम के समापन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने सेनापति लचित के योगदान को याद किया और देश के इतिहास को लेकर अपनी बातें रखीं।

**पीएम ने सेनापति लचित के साहस को सराहाः** पीएम ने कहा कि मैं असम की धरती को प्रणाम करता हूं, जिसने लचित जैसे वीर दिए। वीर लचित ने अपने जीवन में खूब साहस और वीरता दिखाई है। असम की धरती इसकी गवाह रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई तलवार के जोर से हमें झुकाना चाहता है, हमारी पहचान को बदलना चाहता है तो हमें उसका जवाब भी देना आता है।



**सेनापति लचित को कहा जाता है शिवाजीः** लचित बरफुकन का जन्म 24 नवंबर 1622 को हुआ। वे अहोम साम्राज्य के प्रसिद्ध सेनापति थे। लचित को पूर्वोत्तर का शिवाजी भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने शिवाजी की तरह मुगलों को कई बार रणनीति से हराया था। मुगलों को हराने वाले लचित की याद में हर साल असम में 24 नवंबर को लचित दिवस मनाया जाता है।

**कोई भी रिश्ता देश से बड़ा नहीं होताः पीएम** मोदी ने कहा कि सेनापति लचित का जीवन प्रेरणा देता है कि हम परिवारवाद से ऊपर उठ देश के बारे में सोचें। उन्होंने कहा था कि कोई भी रिश्ता देश से बड़ा नहीं होता।

**देश की गलतियों को हम सुधार रहे हैंः पीएम** ने कहा कि लचित का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि हम व्यक्तिगत स्वार्थों को नहीं देश हित को प्राथमिकता दें। इतिहास को लेकर, पहले जो गलतियां हुई हैं। अब देश उनको सुधार रहा है।

**संस्कृति बचाने में भारत का हर युवा योद्धाः पीएम** ने कहा कि जब किसी बाहरी ताकत से अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने की बात आती है तो भारत का हर युवा योद्धा होता है।

**बॉक्स**

**इतिहास फिर लिखा जाएः शाह**
गृह मंत्री अमित शाह ने इतिहासकारों से भारत के इतिहास को फिर से लिखने के लिए कहा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि सरकार उनकी कोशिशों का समर्थन करेगी। शाह ने कहा कि हमारे इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। अब हमें इसे ठीक करने की जरूरत है।

### आसीएचआर फिर से लिख रहा भारत का इतिहास

आईसीएचआर काउंसिल ऑफ हिस्टॉरिकल रिसर्च (आसीएचआर) ने इतिहास को फिर से लिखने के लिए एक प्रोजेक्ट को लॉन्च किया है। प्रोजेक्ट के तहत भारत का इतिहास फिर से लिखा जाएगा। इसका मकसद है कि पहले जो भी झूठ बताया गया है, उसे खत्म करना है और फैक्ट्स के साथ इतिहास लिखना है।

आसीएचआर की तरफ से ये काम शुरू हो गया है। इसके पहले हिस्से को मार्च 2023 में जारी कर दिया जाएगा। 100 से ज्यादा इतिहासकार इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

4 रुपए के लिए बंधुआ मजदूर थे लचित के पिताः सेनापति लचित के पिता को 4 रुपए का कर्ज चुकाने के लिए बंधुआ मजदूर बनना पड़ा था। बाद में मोमाई के नेतृत्व क्षमता को देखते हुए अहोम साम्राज्य के दसवें राजा प्रताप सिंहा ने उन्हें अपना कमांडर इन चीफ बनाया। इसके बाद ये परिवार पूरी तरह से अपने राजा और अहोम के लिए समर्पित हो गया।

# लोकतंत्र में कोई भी संस्था पूर्ण नहींः सीजेआई चंद्रचूड़

**नई दिल्लीः साल** 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर कल यानी 26 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें पीएम मोदी भी शिरकत करेंगे। वहीं, संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम को सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान का सही से काम करना इस बात पर निर्भर करता है कि जिला न्यायपालिका कैसे काम कर रही है। जब हम संविधान का जश्न मनाते हैं तो हमें संविधान को अपनाने से पहले के इतिहास के बारे में जानना चाहिए।



## सुरंग खोद रेल इंजन का स्क्रैप चोर

**मुजफ्फरपुरः रेलवे** के स्क्रैप ग्राउंड के नीचे सुरंग और इसके जरिए हो गई रेल इंजन के स्क्रैप की चोरी। सोनपुर मंडल के गड़हरा डीजल शेड से चोरी स्क्रैप बरौनी से मुजफ्फरपुर पहुंच गया। यहां से कबाड़ कारोबारी इसे ठिकाने लगाने वाला था कि मामला खुल गया। गिरोह में करीब एक दर्जन लोग शामिल थे, जिनमें चार को गिरफ्तार कर लिया गया। इनसे पूछताछ में पता चला कि बरौनी के कारोबारी ने सुरंग के जरिए चोरी करवाने के बाद उक्त स्क्रैप को मुजफ्फरपुर में बेच दिया था। गड़हरा आरपीएफ ने 7 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी।

# भाजपा ने पूरे गुजरात में स्थायी शांति ला दीः शाह



**अहमदाबादः** गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान शुक्रवार को 2002 का साल याद दिलाया। शाह ने खेड़ा की एक रैली में कहा- 1995 से पहले जब राज्य में कांग्रेस की सरकार थी, तब असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद थे। 2002 में हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाया कि वे हिंसा करना भूल गए। इसके बाद भाजपा ने पूरे गुजरात में स्थायी शांति ला दी।

शाह ने कहा कि गुजरात में सांप्रदायिक दंगों को भड़काने का काम कांग्रेस ने किया। मैं आज भरूच जिला में हूं। मैंने यहां बहुत दंगे देखे हैं। 2002 में इन्होंने हिंसा करने की हिम्मत की थी, इनको ऐसा पाठ पढ़ाया, चुन-चुन कर सीधा किया। जेल में डाला तो उसके बाद से 22 साल हो गए, कहीं कर्फ्यू नहीं लगाना पड़ा। शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस राज्य में दंगे करवाकर अलग-अलग समुदाय और जाति के लोगों को एक-दूसरे से लड़ने के लिए भड़काती थी। कांग्रेस अपने वोट बैंक के लिए लोगों को हिंसा करने के लिए शह दिया करती थी। कांग्रेस ने सिर्फ अपने वोट बैंक को मजबूत किया और समाज के एक बड़े वर्ग के साथ अन्याय किया।

**कांग्रेस के शासन में इज्जू शेख और लतीफ दादा होते थेः** शाह ने कहा कि अपराधियों को कांग्रेस से लंबे समय तक समर्थन मिलने के कारण हिंसा करने की आदत हो गई थी। गुजरात में जब कांग्रेस का शासन था तो यहां इज्जू शेख, पीरजादा और लतीफ जैसे दादा हुआ करते थे। लेकिन, आज गुजरात के गांवों में अगर कोई एक दादा है तो वे हैं 'हनुमान दादा'। बाकी कोई नहीं।

# दिल्ली शराब घोटाले में चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्लीः दिल्ली** शराब नीति घोटाले में सीबीआई ने शुक्रवार को 7 आरोपियों के खिलाफ 10 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें दिल्ली के डिप्टी सीएम सिसोदिया का नाम नहीं है। सीबीआई ने दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में ये चार्जशीट दाखिल की है। मामले में 30 नवंबर को अगली सुनवाई होगी। इधर, चार्जशीट में सिसोदिया का नाम नहीं आने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि सीबीआई की चार्जशीट बताती है कि डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर सारे आरोप फर्जी और मनगढंत थे। भाजपा को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

**7 आरोपियों में ये लोग शामिलः** सीबीआई की चार्जशीट में दो गिरफ्तार बिजनेसमैन, एक न्यूज चैनल के चीफ, हैदराबाद के एक शराब कारोबारी, दिल्ली के एक शराब डिस्ट्रीब्यूटर और आबकारी विभाग के दो अधिकारी शामिल हैं। चार्जशीट में विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, अरुण पिल्लई, समीर महेंद्रू, गौतम मूथा, कुलदीप सिंह और नरेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

# भड़क रहा महाराष्ट्र-कर्नाटक का सीमा विवाद

**मुंबईः** महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद फिर से बढ़ने लगा है। इस बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार महाराष्ट्र की एक इंच जमीन भी नहीं जाने देगी। सीएम शिंदे बोले- हम बॉर्डर एरिया में मराठी लोगों को न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। 40 गांवों की समस्याओं को हल करना हमारी सरकार की जिम्मेदारी है।

इससे पहले उद्धव ठाकरे ने कहा था- "ऐसा लगता है जैसे कर्नाटक के सीएम बोम्मई महाराष्ट्र के 40 गांवों पर अचानक दावा करने के लिए पागल हो गए हैं?" उन्होंने सीएम शिंदे पर भी तंज कसते हुए कहा कि उनमें कर्नाटक सीएम के खिलाफ बोलने का साहस नहीं है।





**सीएम बोम्मई के दावों से भड़की चिंगारीः** बोम्मई ने इस हफ्ते की शुरूआत में कहा था कि मेरी सरकार कर्नाटक की सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम है और उसने ऐसा किया भी है। बोम्मई ने दावा किया है कि पानी के संकट से जूझ रहे महाराष्ट्र के सांगली जिले के कुछ गांवों ने कर्नाटक के साथ विलय की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। हालांकि, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने दावों का खंडन किया और कहा कि ऐसे किसी गांव ने हाल ही में कर्नाटक के साथ विलय की मांग नहीं की है।

**फडणवीस के ट्वीट ने किया आग भड़काने का काम**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री बोम्मई ने बुधवार को ट्वीट किया था - "महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कर्नाटक&महाराष्ट्र सीमा मुद्दे पर भड़काऊ बयान दिया है। उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा।

# राहुल की यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के लगे नारेः भाजपा

**भोपालः** मध्यप्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा उस वक्त विवादों में घिर गई, जब भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी कर यात्रा में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाए जाने का दावा किया। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच सोशल मीडिया पर वॉर छिड़ गई है। कांग्रेस ने इसे भाजपा की बौखलाहट और यात्रा को बदनाम करने की साजिश बताया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले किसी भी कीमत पर बचेंगे नहीं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिवराज के अलावा भाजपा के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस को निशाने पर लिया।

**सीएम बोले- नारे लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगीः** भारत जोड़ो यात्रा के इस वीडियो को लेकर मचे घमासान।



के बीच शिवराज सिंह ने लिखा- 'भारत जोड़ो यात्रा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगना, यह भारत जोड़ना है या भारत को तोड़ने वालों को साथ जोड़ना है। पहले भी भारत तोड़ा है, क्या फिर भारत तोड़ने का इरादा है? पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले किसी भी कीमत पर बचेंगे नहीं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

**जयराम रमेश बोले- भाजपा यात्रा की सफलता से बौखलाईः** कांग्रेस ने इसे भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे समर्थन पर भाजपा की बौखलाहट बताया। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- भारत जोड़ो यात्रा को अपार जन समर्थन मिलता देख बौखलाई भाजपा ने यात्रा को बदनाम करने के लिए एक डॉक्टर्ड वीडियो चलाया है। हम इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। हम भाजपा के ऐसे घिनौने हथकंडों के लिए तैयार हैं। करारा जवाब दिया जाएगा।

# राम रहीम फिर सलाखों के पीछे

**रोहतकः** सिरसा डेरा प्रमुख राम रहीम 40 दिन की पैरोल काटकर शुक्रवार शाम पांच बजकर 3 मिनट पर हरियाणा के रोहतक में सुनारिया जेल पहुंचा। खुद उनकी शिष्या हनीप्रीत व शिष्य प्रीतम सिंह उसको जेल के गेट तक छोड़कर आए। राम रहीम को गेट पर जांच पड़ताल के बाद उसकी स्पेशल बैरक में ले जाया गया। पांच मिनट बाद हनीप्रीत, प्रीतम सिंह, हर्ष अरोड़ा व छत्रपाल अरोड़ा रवाना हो गए।




सीबीआई कोर्ट द्वारा साल 2017 में साध्वी यौन शोषण केस में 20 साल की सजा होने के बाद से राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। 15 अक्तूबर को प्रदेश सरकार से राम रहीम को 40 दिन की पैरोल मिली थी। तभी से वह यूपी के बागपत स्थित आश्रम में पैरोल अवधि पूरी कर रहा था। शुक्रवार को अवधि खत्म होने के कारण सुबह डीएसपी मुख्यालय डॉक्टर रवींद्र के नेतृत्व में पुलिस की टीम बागपत आश्रम पहुंची और राम रहीम को कड़ी सुरक्षा के बीच रोहतक की सुनारिया जेल लाया गया। शाम को पांच बजकर 3 मिनट पर चार गाड़ियों को काफिला सुनारिया जेल के गेट पर पहुंचा।

# माफिया अतीक अहमद की छह करोड़ की एक और संपत्ति हुई कुर्क

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अतीक अहमद की एक और संपत्ति शुक्रवार को कुर्क कर ली गई। धूमनगंज के कसारी मसारी में स्थित इस संपत्ति का मूल्य 6.60 करोड़ रुपये है। यह संपत्ति माफिया ने खुद अपने नाम से क्रय की थी। धूमनगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर के मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को अतीक की इस संपत्ति का पता चला था। यह जमीन अतीक के कसारी मसारी में पैतृक मकान के पास स्थित है।



पुलिस सूत्रों का कहना है कि अतीक ने अपनी पुश्तैनी जमीन में ही इसे मिला लिया था। दो दिन पहले झूंसी में जो संपत्ति कुर्क की गई, उसके साथ ही इस संपत्ति को कुर्क किए जाने का आदेश भी डीएम की ओर से दिया गया था। शुक्रवार दोपहर में धूमनगंज, पुरामुफ्ती पुलिस के साथ अफसर मौके पर पहुंचे। यहां पहले मुनादी कराई गई और फिर भूखंड पर कार्रवाई से संबंधित नोटिस बोर्ड भी लगवा दिया। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि माफिया की अपराध से अर्जित संपत्ति पर कार्रवाई चल रही है। इसी क्रम में कसारी मसारी स्थित बेशकीमती भूखंड को कुर्क किया गया।

## मोटर सहित केबिल आदि पर अज्ञात चोरो ने किया हाथ साफ दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** ठंड बढ़ते ही चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हो गए हैं। बीती रात चोरों ने मोटर केबिल समरसेबल आदि की चोरी करने में कामियाब रहे। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह (तिलक सिंह का पूरा) निवासी संजीव सिंह पुत्र राजेंद्र प्रसाद का कहना है कि बीती रात चोरों ने उनके घर के सामने लगा। तीन हास पावर की मोटर और तीस मीटर केबिन ,स्टेफ्लाजर का दस मीटर केबिल ,समरसेबल, सोलर लाइट आदि समान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

# सार्वजनिक संपत्ति नूकसान निवारण अधिनियम के तहत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विकास खंड के अंतर्गत कचरी ग्राम पंचायत में प्रधान द्वारा? 22 नवंबर को गांव में विकास कार्य को लेकर कराए जा रहे नव निर्मित खड़ंजा निर्माण कार्य को गांव के कुछ दबंग किस्म के लोगो ने एक जुट होकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और खडंजा मार्ग को ध्वस्त कर दिया, था जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान कचरी धर्मराज सिंह पटेल ने चार लोगों में जिसमें दो महिलाओं व कुछ अन्य लोगो को नामजद करते हुए करछना थाना में शिकायत किया था शुक्रवार को एसडीएम करछना के आदेश पर करछना पुलिस ने सरकारी संपत्ति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है जानकारी के अनुसार गत 13 नवम्बर को प्रधान की शिकायत पर एसडीएम करछना ने राजस्व टीम मय पुलिस के साथ गांव की नाली संख्या 312 का सीमांकन कराया गया था,जिस पर प्रधान ने नाली निर्माण कार्य कराया गया था, तथा उसी नाली के नियर कास्तकारो एवं गांव के गणमान्य लोगों की सहमति से नव निर्मित खड़ंजा निर्माण कार्य को प्रधान द्वारा कराया जा रहा था कि मंगलवार को गांव के रमाकांत पटेल पुत्र राम रक्षा पटेल, दीपक पटेल पुत्र समर बहादुर, मालती देवी पत्नी रविन्द्र कुमार पटेल,व गिरिजा देवी पत्नी राम रक्षा पटेल तथा कुछ अपने साथियों को लेकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई और खडंजा मार्ग को ध्वस्त कर दिया, जिसको लेकर प्रधान धर्मराज सिंह पटेल ने उपरोक्त सभी लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कारवाई किए जाने को लेकर करछना थाने में नामजद तहरीर दिया था,जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बारात में गया परिवार चोरों ने किया घर पर हाथ साफ

### महीने भर पहले भी टूटे थे तीन घरों के ताले नहीं हुआ खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के झूंसी चौकी के एक सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने घर पर हाथ साफ कर दिया। शातिर चोरों ने वारदात को तब अंजाम दिया जब परिवार शादी समारोह में बिहार गया हुआ था। चोर लाखो के जेवरात व नगदी लेकर फरार हो गए।

नई झूंसी वार्ड 85 निवासी मो. अरमान सऊदी रहते है। यहाँ उनकी पत्नी रीना परिवार के साथ रहती है। रीना घर में ताला लगाकर गुरुवार को अपने भाई की बारात में बिहार गई थी। शुक्रवार की सुबह वापस आने पर घर का ताला टूटा था। अंदर



सारा सामान बिखरा था। रीना ने बताया कि घर में रखे लाखो के जेवरात एक लाख नगद गयाब था। बारात में शामिल होने आये कुछ रिस्तेदारो का भी समान चोरी हुआ है। पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोम रूम को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर लौट गई। चोरी की लिखित शिकायत झूंसी पुलिस से भी की गई पर अभी तक मामले रिपोर्ट नहीं की गई है।

# प्रदेश मीडिया प्रभारी मातृशक्ति के पद पर रचना त्रिवेदी को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विश्वहिंदू महासंघ के प्रांतीय अधिवेशन में प्रयागराज की रचना त्रिवेदी प्रयागराज प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद से सम्मानित किया गया,सामाजिक समरसता हिंदुत्व का प्राण है। हिंदुत्व राष्ट्रीयता का पर्याय है। लोक सन्यासी योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वृहद हिंदू समाज एकजुट होकर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाएगा।

उक्त बातें विश्व हिंदू महासंघ के तीन दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के समापन अवसर पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कही। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में प्रदेश प्रतिनिधियों से खचाखच भरे सभागार में प्रदेश के कोने-कोने से आए हजारों प्रतिनिधियों के समक्ष प्रजापति ने कहा कि, आज का नागरिक देश में गुलामी का एहसास कराने वाले किसी भी प्रतीक को स्वीकार नहीं कर सकता। गौ, गंगा,




गीता, गायत्री हमारी आस्था के केंद्र हैं, जबकि सामाजिक समरसता हम सबकी जिम्मेदारी । इसे यदि हम कर लिए तो निश्चित रूप से योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा । गोरक्षपीठ सामाजिक समरसता की प्रख्यात पीठ व हिंदुत्व की राजधानी है। राष्ट्रसंत अवेद्यनाथ ने कहा था कि जातिवाद ,ऊंच-नीच , छुआछूत ,अगड़ा पिछड़ा, दीन दलित जैसे शब्द बृहद हिंदू समाज को बांटते हैं । हमें इन शब्दों व कार्यों से बचना चाहिए। महासंघ आगामी मकर संक्रांति से लेकर संत रविदास जयंती तक हिंदू एकता हेतु प्रदेश व्यापी कार्यक्रम करेगा।

मुख्य अतिथि के रुप में पधारे जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ,जय , पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ,योगी सत्यनाथ , महंत डॉ हरिओम पाठक ,सत्यानंद गिरी ने योगी सरकार के कार्यों की जमकर प्रशंसा की तथा उम्मीद जताई कि योगी के नेतृत्व में हिंदुत्व विकास की जो लहर चल रही है वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नई कहानी गढ़ रही है । अधिवेशन में आए सभी प्रतिभागियों को अंगवस्त्र, बैग ,पराक्रम पत्रिका व भगवान गुरु गोरखनाथ का चित्र विदा किया गया।श्रीमती ज्योति करवरिया ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अधिवेशन में प्रदेश उपाध्यक्ष गण ओमप्रकाश सिंह श्याम बिहारी अवस्थी, विनोद कुमार सक्सेना ,जयशंकर केसरी, शरद परमार प्रदेश महामंत्री श्री ओम प्रकाश यादव, विष्णु कांत चौबे, दिनेश चंद्र पांडे ,श्रीमती गंगा धाकड़, श्रीमती विनोद जैन, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, श्रीमती गायत्री सिंह ,श्रीमती संतोष मिश्र , चौधरी योगेंद्र सिंह ,रुद्र कुमार पाठक ,मनोज कुमार प्रजापति, रमेश कुमार सोनी इत्यादि लोगों ने भी अधिवेशन में अपने विचार व्यक्त किए।

## पुरानी रंजिश में दो पड़ोसियों में चले लाठी-डंडे

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रहीमापुर फिरोजपुर में शुक्रवार की दोपहर कूड़ा फेंकने को लेकर महिलाओं में शुरू हुआ विवाद दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले जिसमें महिला, पुरुष समेत पाच लोगों को चोटे आई।

फिरोजपुर निवासी राजकरण यादव व राकेश यादव पड़ोसी हैं। शुक्रवार की सुबह दोनों परिवार की महिलाएं खेत में कूड़ा फेंकने को लेकर तू तू मैं मैं करने लगी बात इस कदर बढ़ी कि दोनों परिवार आमने सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे चलने लगे जिसमें रूपा देवी, सूरज यादव, राज कारन सहित पांच लोग घायल हो गए। दोनों ओर से मामले की लिखित शिकायत की गई। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेज मामले की जांच कर रही है।

# विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाईस्कूल बैदवार में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अखंड भारत संदेश**

**कोराव।** विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाई स्कूल बैदवार कला कोराव में शुक्रवार को यातायात जागरूकता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि/ वक्ता के रूप में कोरांव थाना के प्रभारी श्री धीरेंद्र सिंह अपने सहयोगी उप निरीक्षक और आरक्षी गणों के साथ पहुंचे।

कार्यक्रम में उन्होने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर दो सवारी बैठे, कार चलाते समय सीटबेल्ट लगाएं, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे गाड़ी ना चलाएं, सड़क पर आते जाते समय अपने बाए पटरी से ही चले, गाड़ी चलाते समय मोबाइल से बात ना करें, नशे की हालत में वाहन ना चलाएं आदि।

कई उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया वहीं बच्चों को बताया कि अपने मम्मी पापा भाई बहन को गाड़ी से के साथ घर से निकलते हुए हेलमेट लगाने के लिए बोले। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें घर से बाहर ना जाने दें आदि कई जानकारियां दी। विद्यालय में उपस्थित बच्चों ने गीत के माध्यम से यातायात नियमों की जानकारी दी। अंत में फीता काटकर बच्चों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई।। जिसमें विद्यालय के संरक्षक कृष्णा प्रसाद मिश्र, गीता ज्ञान एकेडमी के व्यवस्थापक विजय शंकर मिश्र, प्रधानाचार्य एस. पी. यादव सत्येंद्र अनिल सिंह, शिक्षिका अनीता,संगीता आदि मौजूद रहे।।

# सड़क पर निकलना हुआ मुश्किल, डीएम और आबकारी अधिकारी से मिले कस्बावासी

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के लाइनपार मोहल्ले के पटहट रोड पर खोली गई अंग्रेजी, देशी और बीयर की दुकानें स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही हैं। आए दिन शराबी सड़क पर उत्पात करते दिख जाते हैं। स्थानीय दुकानदारों का रोजगार ठप पड़ता जा रहा है। घर से बहू-बेटियों बाहर निकलना और छात्राओं का स्कूल आना-जाना भी मुश्किल होता जा रहा है। उक्त समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार शिकायत की, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। इस समस्या को लेकर शुक्रवार को शंकरगढ़ उद्योग व्यापार कल्याण समिति और



विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री और जिला आबकारी अधिकारी से मुलाकात की और उक्त तीनों दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की मांग की।

व्यापार कल्याण समिति और विश्व हिंदू परिषद की तरफ से अधिकारी द्वय को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि उक्त तीनों दुकानों मेन मार्केट में एक ही स्थान पर स्थित हैं। उक्त दुकानों से चंद कदम के फासले पर अस्पताल और दूसरी तरफ हनुमान जी का मंदिर है। इसके अलावा पास में ही प्राचीन देवी मंदिर भी है। शराब की दुकान में जगह न होने के कारण मदिरा लेने के बाद सड़क पर ही सेवन करते हैं। इस दौरान अस्पताल व मंदिर आने वाले जाने वाली महिलाओं, बहन-बेटियों के साथ शराबी अभद्र व्यवहार करते हैं।शराबियों की बदसलूकी के कारण स्थानीय दुकानदारों का धंधा चौपट हो गया है। शराबियों के उपद्रव की वजह से कोई भी आसपास की अन्य दुकानों पर खरीदारी के लिए नहीं जाना चाहता। उक्त तीनों दुकानों की वजह से मोहल्ले का अमन-चैन खतरे में है। स्थानीय व्यापारी अपना धंधा नहीं कर पा रहे हैं। छात्राओं को स्कूल से आते-जाते वक्त खतरा बना रहता है। इसलिए अविलंब उक्त तीनों दुकानों का स्थानांतरण करवाया जाएगा। इस मौके पर जिला उद्योग व्यापार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंद्र केसरवानी, जिला संयोजक बजरंग दल सुशील सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, विहिप नगर अध्यक्ष सुजीत केसरवानी की अगुवाई में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

# माटी के गीतों में भरी लोकभाषा की खुशबू सहेजना जरूरीः अशोक

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** अपनी माटी के गीतों में अपनी संस्कृति,लोकपरंपराऔर संस्कार की झलक मिलती है। इन्हीं गीतों में बसे मौसम का लोकरंग हमारे पुरखों के अतीत का प्रत्यक्ष बनकर समाज को प्रीति,नीति,रीति,अनुहार,मनुहार और लोकाचार के लोकरंग से जोड़ता है।आज के खड़ी बोली के युग वाले बदलते दौर में हमें अपने घर आंगनऔर माटी के गीतों की खुशबू सहेजना बहुत जरूरी है। यह बातें महेवा के जेआरडी पब्लिक स्कूल में आयोजित गीतों की कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि चर्चित हास्य कविअशोक बेशरम ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच कहीं। उन्होंने बताया कि हमारे लोकनृत्य,लोकगीतऔर लोकनाट्य स्थानीय बोली बानी में अपनी परम्परा, मान्यताओं के रूप रंग का दर्शन कराते हैं। खासतौर से अपने अवधी गीतों में

घर,आंगन,खेत सिवान,तिथि



त्योहारऔरअपने संस्कारों को सहेजते इन गीतों के प्रति नई पीढ़ी के लोक कलाकारों को आगे आने की जरूरत है। हमारे बाल और युवा कलाकारों को कजरी, फाग, धमार, पचरा, पवांरा, चनैनी मल्लाहया, कुल दहकी, कंहरा, चंवरनाच, पितमा,न्‍उआझखड़, सोरठी, आल्हा, तेलिया, धोबिया जैसे पारम्परिक गीतों के साथ साथ, विवाह, बेलनहाई, पुंसवन, मुण्डन, सोहर, गारी ,नेहछू, माटी मागर, घाटो, पउपुजी, सोहाग, बिदाई जैसे संस्कार गीतों को भी जीवंत रखना चाहिए। लोककलाकारों को चाहिए कि फिल्मी दुनिया की खड़ी बोली और रीमिक्स सॉन्ग के बनावटी पन से दूरअपने पुरखों की यह विरासत और हमारी लोक-संस्कृति के पर्याय इन गीतों के प्रति आगे आयेंऔरभटकाव से दूर अपनी विरासतऔर इस पहचान को बचायें। इस दौरान बच्चों ने कई गीतों को सीखते हुए उन्हें गाने का प्रयास भी किया औरअपने माटी के गीतों की विरासत को सहेजने का संकल्प लिया। कार्यशाला के दौरान विद्यालय के शिक्षक, बालकलाकारऔर बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

## हनुमानगंज में लगा जाम घण्टो फसे रहे लोग

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर हनुमानगंज में शुक्रवार को घण्टो जाम लगा रहा। जाम की वजह से वाराणसी मार्ग से गुजरने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर देरी से पहुची सरायइनायत पुलिस जाम खुलवाने में लगी रही। वाराणसी मार्ग पर हनुमानगंज बाजार में बेतरबीन खड़े वाहनों व दुकानदारों के अतिक्रमण की वजह से आये दिन जाम लग रहा है। शुक्रवार को हनुमानगंज बाजार होने के साथ लगन भी थी जिसकी वजह से वाहनों का दबाव अधिक बढ़ गया। शाम 5 बजे के करीब जाम का दायरा बढ़ गया और देखते ही देखते बीकापुर पेट्रोल टंकी से नेहरू ग्राम भारती तक जाम लग गया। उधर कोटवा रोड और फतुहा रोड पर भी वाहनों की कतार लग गई। थाना अध्यक्ष सरायइनायत अरविन्द राय फोर्स के साथ जाम खुलवाने में लगे रहे रात 8 बजे के बाद जाम समाप्त हुआ तब आवागमन सुचारू हुआ।

## कमिश्नरी प्रणाली का प्रयागराज में क्या होगा असर, खत्म होगा जाम, सड़क पर नहीं लग पाएंगे ठेले

**प्रयागराज।** प्रयागराज के पुराने शहर मतलब चौक, कोतवाली, खुल्दाबाद, रानीमंडी, बहादुरगंज, जानसेनगंज समेत अन्य मोहल्ले। यहां जाम का झाम पिछले कई वर्षों से चला आ रहा है। सिविल लाइंस से चौक जाने के लिए तमाम लोग कई बार सोचते हैं। पुलिस भी तैनात रहती है, लेकिन सख्ती कम होने के कारण दुकान के बाहर रखा गया सामान और खड़े वाहन सुगम यातायात में अवरोधक बनते हैं। हालांकि पुलिस कमिश्नर प्रणाली से जाम से जूझते लोगों को राहत मिल सकेगी। सड़क पर ठेला लगाना और अतिक्रमण करना भी लोगों को भारी पड़ेगा। ट्रैफिक मैनेजमेंट चुनौती, हल निकालने की तैयारी : बताया गया है कि पूरे जिले में कमिश्नर प्रणाली लागू किए जाने की पीछे जाम की समस्या को भी अहम कारण माना गया है। यहां ट्रैफिक मैनेजमेंट को चुनौती के रूप में लिया गया है, ताकि उसका हल निकाला जा सके। सिविल लाइंस में मल्टीलेवल पार्किंग होने के बावजूद लोग अपनी कार, बाइक को सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। दूसरे बाजार में भी अवैध पार्किंग और बेतरतीब खड़े होने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई नहीं हो पाती है।

# जिला अपराध निरोधक समिति एवं पुलिस प्रशासन ने चेकिंग अभियान चलाया



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** मैं यातायात जागरूकता अभियान के तहत प्रशासन के साथ मिलकर जिला अपराध निरोधक समिति की यूथ टीम अपनी सेवा देते हुए लेप्रोसी चौराहा नया पुल चौराहा नैनी एडीए पुलिस चौकी मदर टेरेसा चौराहा पर यातायात जागरूकता अभियान के साथ वाहन चेकिंग और हैंड बिल पर्चा देकर लोगों को जागरूक करवाया गया।

जिसमें प्रशासन की ओर से एसआई सर्वेश कुमार एसआई माहीतोस कुमार एसआई अभिनव उपाध्याय हेड कांस्टेबल विमल कुमार कॉन्स्टेबल देवेन्द्र सिंह कॉन्स्टेबल अमित यादव सिपाही रामानन्द होमगार्ड शिव नारायण शुक्ला, आर के मिश्रा ,आदि पुलिस गण शामिल थे जिला अपराध निरोधक समिति की और से जनसंपर्क अधिकारी बृजेश कुमार मौर्या, कार्यक्रम अधिकारी शशांक मिश्रा, क्षेत्रीय प्रभारी अभिषेक मिश्रा, रोहित रावत सुजीत गौतम, और आदि सदस्यगण यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के नेतृत्व में सेवा में लगे हुए थे और आगे भी यातायात जागरूक अभियान कार्यक्रम पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर 28 तारीख तक जिला अपराध निरोधक टीम के द्वारा चालू रहेगा वही मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि लोगों को प्रशासन के गाइडलाइन से गाड़ी चलाना चाहिए हेलमेट एक सुरक्षा कवच है इसको नहीं भूलना चाहिए

# जिलाधिकारी ने श्रम विभाग की संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के दिए निर्देश

## जिलाधिकारी ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए वृहद कार्य योजना बनाये जाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला स्तरीय श्रमबंधु की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने श्रम विभाग की संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सम्बांधित अधिकारियों को योजनाओं से पात्र लोगो को लाभान्वित कराये जाने के लिए कहा है।

उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया है, जिससे कि लोगो को योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके और लोग योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके। बैठक में मातृ शिशु एवं बालिका



मदद योजना, मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना, अंत्येष्टी सहायता योजना, शिक्षा सहायता हेतु छात्रवृत्ति योजना, निर्माण कामगार कन्या विवाह योजना, आवास सहायता योजना के प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने उपकर संग्रह लक्ष्य के सापेक्ष सुनिश्चित किए जाने तथा उसकी फीडिंग भी शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने का निर्देश सभी विभागों को दिया है।

जिलाधिकारी ने सभी अधिष्ठानों का पंजीयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग उपकर जमा करते हुए उसकी सूचना श्रम कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। जिलाधिकारी ने सम्बांधित अधिकारियों को श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बांधित लाभार्थियों के आवेदन पत्रों की जांच का निस्तारण समय से करने के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए वृहद कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के लिए कहा है। इस अवसर पर उपश्रमायुक्त राजेश मिश्रा, सहायक श्रमायुक्त सहित अन्य सम्बांधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# युवा कलाकारों को किया सम्मानित



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव नीरज कुमार चंद्रा ने उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज में नीरज कुशवाहा जी के निर्देशन में चल रहे हैं बाउंड्री वॉल पेंटिंग में पहुंचकर कलाकारों को सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दिया। इस अवसर पर साथ में उपस्थित विश्वकर्मा समाज के युवा गौरव आकाश कुमार विश्वकर्मा ने कहा की कला का संरक्षण करना हमेशा से ही कुदरती तौर पर भारतीय संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा रहा है। प्राचीन काल से ही राजा-महाराजा और अपने समय के बड़े लोग प्रतिभाशाली कलाकरों को अपने संरक्षण में लेकर और बदले में उनकी कलाकृतियों पर अपना हक जताते रहे हैं। इस प्रकार से सैंकड़ों और हजारों की संख्या में इन कारीगरों का पालन-पोषण हो जाता था और वे कला के अमूल्य नमूनों को रचने में कामयाब होते थे। और हमारी भक्तिभाव से परिपूर्ण समृद्ध संस्कृति इस व्यवस्था का एक जीता-जागता उदाहरण है। कला व्यक्ति की पहचान होती है,और कलाकारों का समान ऊंचे स्तर पर होना चाहिए। इस अवसर राज्य ललित कला अकादमी के सदस्य रविंद्र कुशवाहा जी, समाजसेवी पवन राज एवं मयंक हेला जी भी उपस्थित रहे।

## बच्चों वह महिलाओं को खेल के माध्यम से किया गया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** तहसील क्षेत्र के शिवगढ़ है उच्च प्राथमिक विद्यालय संविलियन की इंचार्ज पढ़ाना अध्यापिका सुनीता सिंह के निगरानी में शुक्रवार को महिला कल्याण विभाग स्वास्थ्य विभाग तथा एचआईवी संक्रमण की रोकथाम के लिए आयोजन किया गया इतना ही नहीं आयोजनों में बहुत से महिलाओं और पुरुषों को संग बच्चों को जागरूकता का भी पाठ पढ़ाया गया जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लोक स्मृति सेवा संस्थान प्रयागराज के परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा किया गया। किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने अपने विभिन्न बीमारियों का इलाज संबंधित डॉक्टरों से करवाएं तथा परामर्श भी लिए। वही महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा महिला शक्ति केंद्र प्रयागराज के जिला समन्वय अमृता सिंह द्वारा एक गोष्ठी की गई। जिसमें सशक्त नारी सुरक्षित बचपन व सखी वन स्टॉप सेंटर तथा विधवा पेंशन आज की विस्तृत जानकारी अमृता सिंह द्वारा महिलाओं को दिया गया। इस मौके पर उच्च प्राथमिक विद्यालय संविलियन इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह, प्रज्ञा राय, संगीता त्रिपाठी, यासमीन फातिमा और यासमीन बानो मौजूद रहे।



# एमडी जल निगम ने अधिकारियों को लगायी फटकार

## गंगा में प्रदूषण करने वाली कंपनियों के अधिकारियों पर दर्ज होगी एफआईआर, जाएंगे जेल



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गंगा में प्रदूषण फैलाना अब महंगा पड़ेगा। अविरल एवं स्वच्छ गंगा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा की स्वच्छता में लापरवाही बरतने वाली कंपनियों और उनके अधिकारियों के खिलाफ सरकार बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। ऐसी कंपनियों के अधिकारियों के खिलाफ नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग मुकदमा दर्ज करायेगा और उन्हें जेल भिजवाने का काम भी करेगा।

शुक्रवार को प्रयागराज में विभागीय कार्यों की समीक्षा करने पहुंचे जल निगम (ग्रामीण) के एमडी डा. बलकार सिंह ने कार्यदाई संस्था और अधिकारियों को कड़ी करने की चेतावनी देते हुए गंगा की तरफ आने वाले 12 से अधिक नालों को 15 दिन के भीतर टैप करने के निर्देश दिए हैं।एमडी ने शुक्रवार को अफसरों के साथ सलोरी, नैनी और फाफामऊ में निमार्णाधीन एसटीपी का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्किट हाउस में विभागीय अफसरों के साथ गंगा स्वच्छता और जनजीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। एमडी ने लापरवाह अधिकारियों को जमकर फटकार लगायी। उन्होंने कहा कि गंगा में एक भी नाला गिरा तो जिम्मेदारों की खैर नहीं होगी। उनके खिलाफ एफआईआर भी होगी और जुमार्ने की वसूला जायेगा। उन्होंने नालों को टैप करने की कार्रवाई को और तेज करने के लिए भी कहा। प्रयागराज महाकुंभ 2025 से पहले गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के सरकार अभियान को सफल बनाने के नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के आला अधिकारी ग्राउंड जीरों पर हैं।

## 20 दिसम्बर से पूर्व फाफामऊ एसटीपी का निर्माण करें पूरा

**अखंड भारत संदेश**

फाफामऊ एसटीपी का निर्माण कर रही कम्पनी को जल निगम के एमडी डा. बलकार सिहं ने चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि हर हाल में 20 दिसम्बर से पहले एसटीपी शुरू करने और गंगा की तरफ आने वाले सभी नालों की अनिवार्य टैपिंग कर ली जाय। एमडी ने एसटीपी की प्रतिदिन की समीक्षा और प्रगति रिपोर्ट तलब की। एमडी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय सीमा से एक दिन भी काम आगे बढ़ा तो कार्रवाई के लिए अधिकारी तैयार रहें।

## आयुष्मान कार्ड केवाईसी के लिए निकाली गई जागरूकता रैली

**सोरांव।** शुक्रवार को सोरांव ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत असवा उर्फ हाजीगंज में ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद साकिब के नेतृत्व में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के लिए ग्राम पंचायत के सभी मजरों में एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। तथा साउंड के माध्यम से सभी को जागरूक भी किया गया। इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ मिल सके। और सभी गरीब, मजदूर लोगों का सही समय से सही इलाज हो सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रेम सत्यार्थी, सफाई कर्मचारी प्रेम सिंह पटेल, आशा मीना साहू संग दर्जनों लोग मौजूद रहे। इस बाबत ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद साकिब का कहना है कि आयुष्मान कार्ड धारकों की सूची ग्राम सचिवालय पर मौजूद है और सचिवालय पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया पंचायत सहायक शालिनी सरोज के देखरेख में चल रहा है जिसकी भी सूची में नाम है सभी से मिलकर गोल्डन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया तीव्र गति से चल रही है।

# शुआट्स में द शटरबग्स चतुर्थ राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** स्कूल ऑफ फिल्म एण्ड मास कम्युनिकेशन, शुआट्स के तत्वाधान में चतुर्थ राष्ट्रीय फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं प्रर्दशनी द शटरबग्स का आयोजन किया गया। ह्यमेरा शहर विषयक प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न आयामों जैसे खान-पान, रहन-सहन, जीवन शैली इत्यादि को प्रदर्शित करते हुए प्रयागराज एवं आस-पास के सौ प्रतिभागियों ने कैमरे के माध्यम से अपनी कलात्मकता का परिचय दिया। मुख्य अतिथि विनोद बी0लाल, डायरेक्टर प्रशासन, शुआट्स नें उद्घाटन किया और जोर देकर कहा कि आज के दौर में फोटोग्राफी का सही दिशा में सही तरीके से प्रयोग आवश्यक हो गया है क्योंकि फोटोग्राफ किसी की भी छवि बनानें या बिगाड़नें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुप्रसिद्ध फोटो जर्नालिस्ट संजय बनौधा, डा0 सी0जे0 वैसली, संयुक्त





कुलसचिव शुआट्स एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती पूजा एलेक्जेंडर ने प्रतियोगिता में जज की भूमिका का निर्वहन किया।

निर्णायक मण्डल के निर्णयानुसार तीन प्रतिभागियों क्रमशः सौरभ यादव को प्रथम, नासिर नाईम को द्वितीय एवं आयशा राज को तृतीय पुरस्कार से साथ ही साथ सौम्या तिवारी एवं रोहित तिवारी को विशेष प्रशंसा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शुभारम्भ इमैनुएल जार्ज की प्रार्थना एवं श्रुति माइकल के मसीही गीत से हुआ। छात्र कर्नल नसिर नईम, एम0ए0 द्दतीय वर्ष ने कार्यक्रम का संचालन किया। डा0 आशीष एलेक्जेंडर, डीन ने मुख्य अतिथि एवं अतिथिगणों का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया। डा0 आशीष एलेक्जेंडर ने कहा कि फोटोग्राफी प्रकाश के माध्यम से कलात्मक प्रर्दशन है, फोटोग्राफी ही सही मायने में वो कला है जो जिन्दगी को एकदम करीब से दिखानें का प्रयास करती है। कार्यक्रम के अन्त में इंजी0 अमित विलियम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में प्रतिभागियों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों के साथ अनन्त कुमार श्रीवास्तव, सहायक प्रधयापक, अमित विलियम, सहायक प्रधयापक, राममणि त्रिपाठी, सहायक प्रधयापक, इमैनुएल जार्ज, सहायक प्रधयापक,अनुराग मिश्रा, शोएब अंसारी, निधि मैसी, विजय सिंह, संदीप मैसी, सैय्यद आसिफ, संदीप कुमार सोनी इत्यादि उपस्थित रहे।

# टोकन वितरण मे अव्यवस्था को लेकर किसानो ने किया हंगामा

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** किसानो को धान बेचने के लिए मिल रहे टोकन वितरण मे अव्यवस्था के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार सुबह से ही विपणन हॉट शाखा केंद्र कोराँव पर किसानों की लंबी कतार लग गई। जिससे किसान अव्यवस्था को लेकर आपस में ही भिड़ गए व हंगामा करने लगे। किसानों के हंगामे की सूचना पर मौके पर एसडीएम कोरांव शुभम यादव, एस एच ओ कोरांव धीरेंद्र सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिस पर खतौनी व रजिस्टर फॉर्म लेकर टोकन के लिए हंगामा काट रहे किसानों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया व टोकन वितरण मे आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए एमआई पंकज सिंह को निर्देशित किया। एसडीएम ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि हाट



शाखा के इस वर्ष तीन की बजाय पांच केंद्र बनाए गए हैं। सभी किसानो से अपने निकटवर्ती केंद्र पर ही धान विक्रय करने हेतु टोकन लेने की बात कही। एसडीएम ने कहा कि किसानों को सहूलियत दिलाने के लिए ही इस वर्ष हॉट शाखा के पांच क्रय केंद्र खोले गए हैं। सभी किसान यह सुनिश्चित करें कि जिन गांवो के निकट जो क्रय केंद्र हैं उन्हीं क्रय केंद्रों पर अपनी धान तौल कराने हेतु टोकन प्राप्त करें जिससे विपणन शाखा के हाट क्रय केंद्र पर किसानों का अतिरिक्त भार न पड़े और सभी केंद्रों पर ठीक ढंग से तौल की जा सके। टोकन प्राप्त करने पहुंचे भारी संख्या में किसान आपस में ही लड़ने झगड़ने लगे जिसके बाद प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।


**आवश्यकता है**

**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**

653 फिरोजपुर उर्फ शेखपुर, फूलपुर टाउन, प्रयागराज। पिन नंबर 212402

**स्नातक कला संकाय प्रवक्ता विषय हेतु**

**विषय-** संस्कृत- 01 पद

**योग्यता-** संबंधित विषय में एम0ए0, नेट, पीएचडी, यूजीसी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित अहर्ता के अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्रेषित करें ।

**वेतनमान-** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश के क्रम वेतन देय होगा । इच्छुक अभ्यर्थी 1 सप्ताह के अंदर महाविद्यालय के उक्त पते पर आवेदन प्रेषित करें ।

Email id - arvindtripathi271@gmail.com

**सिद्धार्थ त्रिपाठी**
**प्रबंधक**

**मो0: 8707046593, 9452145821**


## मन्दिर में पुलिस ने प्रेमी युगल की सहमति से कराई शादी

**अखंड भारत संदेश**



**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के जेवनिया पुलिस चौकी के मंदिर मे पुलिस ने प्रेमी युगल की दोनों परिवारों की सहमति से शादी करा दी गई । बता दें कि गुरुवार को मेजा थाना के पुलिस चौकी प्रभारी जेवनिया प्रदीप अस्थाना ने बताया कि शंभु का पूरा, जेवनिया गांव निवासी अरुणा कुमारी जैसल की अटखरिया गांव के सुशील कुमार से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वहीं दोनों के संपर्क से युवती आठ महीने की गर्भवती थी। जिसको सुशील कुमार ने स्वीकार किया। जिससे दोनों परिवारों की सहमति से जेवनिया पुलिस चौकी के प्रभारी प्रदीप अस्थाना ने प्रेमी युगल की पुलिस चौकी के मंदिर में शादी करवा दी। दोनों ने खुशी खुशी जीवन बीताने का संकल्प लिया और दोनों खुश हैं। चौकी प्रभारी ने बताया कि बुधवार को दोनों कोर्ट मे जाकर कोट मैरिज करेंगे।

# आरके ग्रुप में खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** में आर0के0 ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वाधान में प्रयाग विधि महाविद्यालय के प्रांगण में अन्तर्माविद्यालयी खेल प्रतियोगिता के अंन्तर्गत ग्रैपलिंग प्रतियोगिता (महिला व पुरुष) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 पवन कुमार पचौरी स्पोर्ट सेक्रेटरी प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, रहे। मुख्य अतिथि के साथ संस्था अध्यक्ष डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी, प्रबन्ध निदेशक इं0 आशीष त्रिपाठी एवं विधि प्राचार्य डॉ0 मुहम्मद जफर नें मां सरस्वती की प्रतिमा



पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की, इसके बाद मुख्य अतिथि महोदय द्वारा फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का आगाज किया गया। ग्रैपलिंग पुरुष वर्ग में मेजवान महाविद्यालय के बी0ए0एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर के छात्र अर्पित सिंह ने 62 किलोग्राम भारवर्ग, पवन कुमार यादव एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर 77 किलोग्राम भारवर्ग, मो0 अशजद बी0ए0एल0एल0बी0 तृतीय सेमेस्टर 84 किलोग्राम भारवर्ग, विकास कुमार यादव एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर 84 किलोग्राम भारवर्ग एवं आकाश राठौर एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर 100 किलोग्राम भारवर्ग में अपने प्रतिद्वंदी को परास्त करते हुए स्वर्ग पदक विजेता रहे। मेजवान महाविद्यालय के ही महिला वर्ग में अनामिका पाल बी0ए0एल0एल0बी0 प्रथम सेमेस्टर 58 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रहीं एवं उपविजेता शिवानी मिश्रा रहीं। एन0बी0एस0 कालेज के विमलेश साहू 62 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रहे। उक्त प्रतियोगिता कोच अभय प्रताप सिंह एवं शशांक धूरिया के निर्देशन में सम्पन्न हुई।

उपरोक्त समस्त विजेताओं को संस्था अध्यक्ष डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी जी द्वारा स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अमित कुमार पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, रामबाबू तिवारी, पंकज तिवारी, अंजना यादव, नीति अलेक्जेंडर, ज्योति सिंह रजिस्ट्रार अनुज शुक्ला, सुशील कुमार शुक्ला एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बद्रीधर द्विवेदी ने षिक्षा के क्षेत्र में दिया अभूतपूर्व योगदानः प्रमोद तिवारी

## बीडी इण्टर कालेज में मना स्वर्ण जयन्ती स्थापना महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के बाबागंज के बुद्धीधर स्थित बीडी इण्टर कालेज मे शुक्रवार को विभिन्न शिक्षण संस्थाओ के संस्थापक अध्यक्ष एवं समाजसेवी पं. बद्रीधर द्विवेदी का जन्मदिवस संस्थापक दिवस के रूप में समारोहपूर्वक मनाया गया।

बीडी इण्टर कालेज की स्थापना के स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद प्रमोद तिवारी द्वारा समाजसेवी पं. बद्रीधर द्विवेदी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। समारोह को मुख्य अतिथि प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश को विचारधारा के क्षेत्र मे मजबूत बनाने के लिये शिक्षा मनीषियों एवं समाज के जागरूक तबके को कारगर भूमिका निभानी होगी। उन्होंने स्व. बद्रीधर द्विवेदी को जिले तथा प्रदेश के समीपवर्ती क्षेत्रो मे शिक्षा के क्षेत्र मे एक सशक्त योगदान देने वाले महापुरूष के



राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को स्मृति चिन्ह प्रदान करते आयोजकगण।

रूप मे याद करते हुये कहा कि उनकी सामाजिक सेवाएं वर्तमान तथा भावी पीढ़ी का कुशल मार्गदर्शन करने मे सक्षम है। इस अवसर पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा का हमारा मूल अधिकार एक सशक्त प्रगतिशील समाज और राष्ट्र को निर्माण की ओर मजबूती प्रदान करना है। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने बद्रीधर द्विवेदी जैसी विभूतियों को समाज के जागरण व शिक्षा की नवचेतना का आधार स्तम्भ ठहराया। अध्यक्षता करते हुये पटटी पीजी कालेज के प्राचार्य डा. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा मे संजीवनी की शक्ति है। कार्यक्रम के संयोजक बद्रीधर द्विवेदी ग्रुप आफ इस्टीटयूटशंस के प्रबंध निदेशक डा. विनय कुमार द्विवेदी ने किया।

## जमीनी विवाद में चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के सराय संग्राम सिंह गांव मे जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना मे पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय संग्रम सिंह गांव निवासी पवन कुमार यादव पुत्र कन्हैयालाल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती गुरूवार की सुबह करीब सवा दस बजे जमीन के विवाद को लेकर गांव के शिवमूरत तथा उनकी पत्नी अजुनाइन पुत्र विशाल तथा पुत्री ने दरवाजे पर पहुंचकर उसे लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपीगण गाली व जान से मारने की धमकी देते भाग गये। घटना को लेकर पुलिस ने तहरीर के आधार पर शिवमूरत समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल ने ईओ व सीओ से मिलकर रखी समस्याएं

## दोनों अधिकारियों ने समस्याओं के निदान का दिया आष्वासन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी व जिला महामंत्री संजय सोनी ने पदाधिकारियों के साथ शहर में डेंगू के प्रकोप के रोकथाम के लिए नाले-नलियों में कीटनाशक दवाओं के निरन्तर छिड़काव हेतु नगर पालिका ईओ से मुलाकात की और उन्हें समस्याओं से अवगत कराया।

इस दौरान नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह ने बताया कि फागिंग-मशीन से मच्छरों के रोकथाम और शहर के नाले-नालियों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का कार्य पालिका द्वारा करवाया जा रहा है। साथ ही शहर में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ईओ ने यह भी कहा कि नगर पालिका व्यापार मंडल के माध्यम से शहर के नागरिकों से अनुरोध करता है कि डेंगू से बचाओ हेतु लोग फुल



नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह को समस्याओं से अवगत कराते पदाधिकारी

बांह के कपड़े पहने, घर में खुले रूप से जलभराव ना होने दें। इसके उपरान्त वैकल्पिक-स्पीड-ब्रेकर, ट्रैफिक-पुलिस आदि के समुचित व्यवस्था हेतु क्षेत्राधिकारी नगर से मुलाकात की। पुलिस क्षेत्राधिकारी गौतम ने व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष केसरवानी द्वारा हादसों के रोकथाम के लिए मुलाकात कर मांग पर आष्वस्त किया।

## शादी समारोह से घर लौट रहे बाइक सवार दो लोगों की ट्रक की टक्कर से मौत

### परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने शव को भेजा पोस्टमार्टम हाउस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर के लिए जा रहे दो अधेड़ की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे मं लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। दोनों अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग राजगढ़ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टाइनी शाखा के सामने यूटर्न का है, जहां गुरुवार की देर रात अशोक और अजीत बबुरहा गांव बृजलाल हरिजन की लड़की की शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर करकटेपुर बहरिया प्रयागराज जा रहे थे जब राजगढ़ टाइनी शाखा के सामने पहुंचे तो यूटर्न से मुड़कर प्रयागराज की ओर बढ़े, उसी बीच ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें अजीत कुमार (43) की मौके पर मौत हो गई थी जबकि साथी अशोक कुमार (57) की हालत गंभीर बनी हुई थी। टक्कर मारकर ट्रक मौके से फरार हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने पुलिस की मदद से घायल को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां घायल अषोक कुमार की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे देल्हूपुर थाना अध्यक्ष धीरेंद्र ठाकुर हाईवे पर फैले हुए खून को पानी डलवा कर साफ कराए और बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने पर ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों मृतक के परिजन थाने पहुंच गये। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पूरे नोती मे हुई चोरी की घटना को लेकर प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर दी है। प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के अनुसार बीते गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोडकर अंदर कमरे मे रखा सिलेण्डर बर्तन व कई महत्वपूर्ण अभिलेख उठा ले गये। अगले दिन शुक्रवार को सुबह प्रधानाध्यापक स्कूल पहुंचे तो विद्यालय का ताला टूटा देख वह आवाक रह गये। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कोटेदार के विरुद्ध हुई शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोटेदार द्वारा ग्रामीणों से सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाने तथा और अनाज देने में घाटोली करने की शिकायत उप जिलाधिकारी पट्टी से की गई है। पट्टी तहसील क्षेत्र के दशरथपुर गांव के रहने वाले शेर अली पुत्र इसहाक ने उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र दिया जिसमें आरोप लगाया कि गांव के कोटेदार प्रतिमाह ग्रामीणों से 500 ग्राम आनाज कम देती है और सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लेती हैं। इस संबंध में प्रधान से हस्तक्षेप करके इसे दुरुस्त कराने की मांग की गई लेकिन प्रधान भी कोई एक्शन लेने की कोशिश नहीं की तो ग्रामीणों ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

# कोतवाली पुलिस ने लूट की दो घटनाओं का किया खुलासा

## तीन आरोपी भेजे गये न्यायालय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बीते माह हुई लूट की दो वारदातों का खुलासा करने मे कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया। वहीं एक आरोपी अभी भी पुलिस के हत्थे नही चढ़ सका है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी बतायी जा रही है।

कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि लालगंज क्षेत्र के रायपुर तियांई मे स्थित पेट्रोल पम्प मैनेजर के साथ बीते अटठाईस अक्टूबर को बाइक सवार बदमाशो ने पेट्रोल पम्प मैनेजर रायबरेली जिले के नसीराबाद क्षेत्र निवासी प्रभात मिश्र के साथ दो लाख साठ हजार रुपए की लूट की धटना को अंजाम दिया था। इस मामले मे दरोगा निकेत भारद्वाज व दरोगा केशव प्रसाद तथा कांस्टेबल विवेक सिंह, अमर सिंह व दिलीप कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुरूवार की दोपहर घटना के आरोपी अर्पित पाण्डेय उर्फ गोलू पुत्र राजकुमार पाण्डेय निवासी सोनार का पुरवा ढ़िगवस को ननकू दुबे का पुरवा से तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा इस घटना के आरोपित जयकृष्ण शुक्ल उर्फ गोल्डी पुत्र रामकिशोर शुक्ल निवासी नरायनपुर तथा दीपक सिंह उर्फ सत्यविजय सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी हरिपुर चुर्री चैराहा को उनके गांव से गिरफ्तार किया। वहीं घटना के चैथे आरोपी मंदीप उर्फ दुर्गेश पुत्र राजेन्द्र दुबे निवासी ननकू दुबे का पुरवा की तलाश मे पुलिस टीम जुटी है। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो के पास से लूट के छब्बीस हजार रुपए की बरामदगी की गयी है। कोतवाल कमलेश पाल के अनुसार इन्हीं आरोपियो द्वारा बीते छः नवंबर की शाम दुकान बंद करके घर जा रहे मुस्ताक पुत्र मो. अब्बास निवासी नरायनपुर सरैंया के साथ गांव के रास्ते पर पन्द्रह हजार रुपए व मोबाइल की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। पहली घटना को अर्पित पाण्डेय उर्फ गोलू तथा मंदीप उर्फ दुर्गेश ने अंजाम दिया था। जबकि उनके अन्य दोनों साथियों ने इस घटना की रेकी की थी। वहीं व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना मे जयकृष्ण शुक्ल उर्फ गोल्डी ने रेकी की थी तथा अन्य तीन ने घटना को अंजाम दिया था। व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना को लेकर गिरफ्तार आरोपियो के पास से लूट के पांच हजार पांच सौ रुपए व मोबाइल की बरामदगी की गयी है। कोतवाल ने यह भी बताया कि गिरफ्तार आरोपी अर्पित उर्फ गोलू तथा दीपक उर्फ सत्यविजय के खिलाफ कोतवाली मे एससीएसटी का मुकदमा भी दर्ज है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को शुक्रवार को न्यायालय भेज दिया गया। फरार आरोपी मंदीप उर्फ दुर्गेश की तलाश में दबिश दी जा रही है, शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय ने अपहरण व हत्या के आरोप में बाबूलाल पटेल व तूफान सिंह पटेल निवासी काजीपुर महाराजगंज थाना कुंडा को दोषी पाते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास व 25-25 हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया। वादी मुकदमा माया देवी के अनुसार बाबूलाल पटेल की पुत्री मंजू पटेल से उसके भाई शेरू का प्रेम संबंध था। इसकी जानकारी मंजू पटेल के भाई तूफान पटेल उसकी मां, भाभी को भी थी। 29 नवंबर 2019 को रात 8 बजे वह अपने मायके बदलावन का पुरवा में थी।

उस समय दोनों अभियुक्त घर पर आये और उसके भाई शेरू को बुला कर थोड़ी देर बातचीत की और फिर बाबूलाल व तूफान उसके भाई शेरू को अपने साथ लिवा ले गए उसने अभियुक्त गणों के साथ जाते हुए देखा तथा अजीत कुमार यादव, राम कैलाश ने भी जाते हुए देखा। रात्रि 11 बजे तक वापस नहीं आया तब उसका मोबाइल पर फोन किया गया तो मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा था उन लोगों ने बहुत ढूंढा लेकिन नहीं मिला दूसरे दिन सुबह 6 बजे अजीत कुमार यादव ने बताया कि शेरू का शव संतलाल की बाग में पड़ा हुआ है जब हम लोग घटनास्थल पर गए तो देखा शेरू का शव खून से लथपथ अवस्था में पडा. था राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने की।

# बाबू मयन बहादुर सिंह की जयंती पर हआ वृक्षारोपण

## सामाजिक सरोकार पखवारा का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सहोदरपुर वार्ड के प्रथम सभासद/षिक्षक/पत्रकार स्वर्गीय मयन बहादुर सिंह की 94वीं जयंती पर आज मयन निलयम पर पूर्व सभासद नगीना सिंह ने मौलश्री एवं सहोदरपुर पूर्वी बाग में जिला योजना समिति सदस्य व सभासद विनय सिंह भोला ने आम्रपाली का वृक्षारोपण किया। इसके पूर्व बाबू मयन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

इस दौरान मुख्य रूप से श्याम नारायण सिंह, चंद्रप्रकाश पाल, ललित मिश्र, बृजेंद्र सिंह छोटे भैया, हरिकेश सिंह अंशु सिंह रोहित सिंह अंकित सिंह, गौतम शर्मा, नरेंद्र बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे। पखवाड़ा कार्यक्रम संयोजक बाबू



पूर्वी सहोदरपुर बाग में वृक्षारोपण करते अतिथिगण।

मयन बहादुर सिंह के पौत्र भाजपा जिला संयोजक आईटी विभाग पंकज सिंह ने बताया कि बाबूजी की 94वीं जयंती सामाजिक सरोकार पखवाड़ा के रूप में सहोदरपुर पूर्वी वार्ड में मनाया जा रहा है। सहोदरपुर पूर्वी वार्ड का गठन 1988 में हुआ था, वार्ड के प्रथम सभासद के रूप में बाबू मयन बहादुर ने यह गौरव प्राप्त है। 25 नवंबर से 8 दिसंबर तक चलने वाले सामाजिक सरोकार पखवाड़ा का शुभारंभ वृक्षारोपण करके किया गया। नगरपालिका बेला अपने पूर्व बोर्ड के सदस्य बाबू मयन बहादुर सिंह की जयंती पर काफी उदासीनता दिखाई, जिसके चलते कार्यक्रम 3 घंटे विलंब से शुरू हो पाया। हद तो यह रही नगरपालिका बेला के कर्मचारियों ने बाबू मयन बहादुर सिंह को जानने या पहचानने तक से इनकार कर दिया। सामाजिक सरोकार पखवाड़ा के अंतर्गत बाबू मयन बहादुर सिंह की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होना है इसमें मुख्य रूप से स्वच्छता, स्वास्थ्य जांच शिविर आदि कार्यक्रम होने हैं। जिसमें वार्ड वासी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

**परियावां, प्रतापगढ़।** अवधेशपुरम ऐंठू में सड़क सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ0 रणजीत सिंह ने जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के दौर में हर एक व्यक्ति को अपने मंजिल तक पहुँचने की बहुत जल्दी होती है, वह भूल जाता है कि सड़क पर चलते समय सरकार द्वारा बनाये गये नियमों का पालन करना अत्यधिक आवश्यक है। कृषि विज्ञान केन्द्र के पूर्व वैज्ञानिक डा0 सुधाकर सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विशय है आम जनता को खासतौर पर नये आयु वर्ग के लोगों में अधिक जागरूकता लाने के लिए इसे शिक्षा, सामाजिक जागरूकता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जोड़ा गया है।

# कोतवाली परिसर में एक-दूसरे के हुए प्रेमी युगल

## परिजनों ने नवदंपति को दिया आशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को पुलिस ने कोतवाली परिसर में ही प्रेमी-युगल का विवाह कराकर आरोपों का पटाक्षेप कर दिया।वही परिजनों ने नवदंपति को आशीर्वाद दिया। उसके बाद युवती पति के साथ ससुराल चली गई।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर निवासिनी सरोज पत्नी स्व० रामसुख सरोज ने सीओ को तहरीर देकर आरोप लगाया था की स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पूरे तिलक राम के खलहिया निवासी सुरेंद्र सरोज पुत्र मोहनलाल शादी का झांसा देकर उसकी बेटी आरती के साथ अटठारह माह से शारीरिक संबंध





कोतवाली परिसर में एक दूसरे के हुए प्रेमी युगल।

बनाता चला आ रहा है। बीते इक्कीस नवम्बर को वह शाम को उसके घर आया और उसकी बेटी को बहला-फुसला कर लेकर चला गया। जब वह घर आई तो बेटी को न देखकर सन्न रह गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नही लग सका। 22 नवंबर की सुबह पीड़िता के ननिहाल वालो ने बताया कि वह सुरेंद्र के घर पर है।

जानकारी पर मां सुरेंद्र के घर गई। पीड़िता की मां ने उसके बाद प्रेमी के साथ परिजनों से इज्जत की दुहाई देते हुए शादी की बात रखी,लेकिन प्रेमी ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता की मां उसे लेकर अपने ससुराल आ गई। पीड़िता ने मां से रो-रो कर आपबीती बताई। पीड़िता की मां ने सीओ को तहरी देकर कार्रवाई की फरियाद लगाई थी। उधर पुलिस ने दोनो पक्षों को समझा-बुझाकर परिजनों की सहमति से कोतवाली परिसर में विवाह करा दिया।

# नगर पालिका व नगर पंचायत चुनाव के लिये कांग्रेस ने बनाई रणनीति

## कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन पर कार्यकताओं की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नगर पालिका, नगर पंचायत एवं सभासदों के चुनाव को लेकर एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय इन्दिरा भवन पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी एवं संचालन कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला ने किया।

अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष डॉ.लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस के जो भी साथी प्रतापगढ़ नगर पालिका, नगर पंचायत एवं सभासद का चुनाव लड़ना चाहते हैं और अभी तक जिला कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन, प्रतापगढ़ में आवेदन नहीं किए है जल्द से



कांग्रेस कार्यालय पर बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

जल्द फॉर्म भरकर जमा कर दें, जिससे आने वाले एक सप्ताह के अंदर प्रत्याशियों की लिस्ट तैयार कर लखनऊ भेजी जा सके। बैठक में मुख्य रुप से पूर्व प्रत्याशी सदर डॉ. नीरज त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव आशुतोष तिवारी, चन्द्रनाथ शुक्ला, फतेह बहादुर सिंह, पी सी सी सदस्य सुनीता पटेल, पूर्व प्रत्याशी कुंडा योगेश यादव, नगर प्रभारी मो0 इश्तियाक, कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, राम धन यादव, मोनू मिश्रा, देवमणि पाण्डेय, अजीत सिंह, दिलशाद, श्याम शंकर तिवारी, प्रमोद मिश्रा, मनीष सिंह सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# डीएपी की किल्लत तथा धान खरीद में किसान हो रहे परेशान, वकीलों ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ताओं ने तहसील क्षेत्र में डीएपी खाद की किल्लत तथा धान क्रय केंद्रो पर सरकारी खरीद न हो पाने को लेकर शुक्रवार को डीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि क्षेत्र मे सरकारी समितियों पर डीएपी खाद की किल्लत है। इसके चलते किसान रवी की बुवाई नही कर पा रहा है। डीएपी खाद की किल्लत के चलते किसान बाजारो मे कालाबाजारी का शिकार हो रहा है।

तहसील परिसर में डीएपी की किल्लत तथा धान क्रय में अव्यवस्था को लेकर वकीलों ने नारेबाजी भी की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई मे दिए गये ज्ञापन में प्रशासन से डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई गयी है।

वहीं ज्ञापन मे तहसील क्षेत्र के धान क्रय केन्द्रों पर बिचैलियेपन का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन मे कहा गया है कि धान की सरकारी खरीद पारदर्शिता से न होने के कारण मध्यम वर्गीय किसान औनेपौने दाम मे अपना धान बाजार में बेचने को मजबूर हो उठा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि किसानो की समस्याओं का समाधान न होने पर अधिवक्ता संघर्ष की शुरूआत करेंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष बीके तिवारी, विपिन शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनूप पाण्डेय, रामलखन शर्मा, धनश्याम मिश्र, संतोष तिवारी, विपिन शुक्ल, गया प्रसाद मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, सत्येंद्र श्रीवास्तव, घनश्याम सरोज, शिव नारायण शुक्ल, अनूप पाण्डेय, लालता प्रसाद पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, प्रभात श्रीवास्तव, राकेश शुक्ल, विभाकर शुक्ल, प्रभाकर पाल, हरिश्चंद्र पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह, जीतेन्द्र सिंह, उदयराज पाल, ललित गौड आदि अधिवक्ता रहे।

# जमीन पर जबरन कब्जे की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** भूमिधरी जमीन पर जबरन कब्जे की शिकायत पीड़ित ने उप जिलाधिकारी पट्टी से किया है। तहसील क्षेत्र के ताला गांव के रहने वाले अजहर पुत्र इसराइल ने इस संबंध में शिकायती पत्र दिया जिसमें बताया कि उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पुलिस को फोन करने पर पुलिस पीड़ित के विरुद्ध कार्यवाही की धमकी देने लगे। इस संबंध में उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# एसपी द्वारा साप्ताहिक परेड में ली गई सलामी

## पुलिसकमीर्यों को शस्त्रो रबर गैस गन एन्टी राइट गन पेपर स्प्रे एक्सन गन आदि को खोलने जोड़ने व चलाने का कराया गया अभ्यास

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड की सलामी ली गयी तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी। विभिन्न थानों कार्यालयो शाखाओं यातायात पुलिस कर्मियों व पुलिस लाइन के पुलिसकमीर्यों को शस्त्रो रबर सेल टीएस सेल ब्लैन्क कार्टेज गैस गन एन्टी राइट गन पेपर स्प्रे एक्सन गन आदि को खोलने जोड़ने व चलाने का अभ्यास कराया गया मौजूद सभी पुलिस निरीक्षक उप निरीक्षक मुख्य आरक्षी आरक्षी व महिला आरक्षी को बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया साथ ही सभी से हैण्ड ग्रैनेड चिली बम फेकवाया गया पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक द्वारा स्वयं भी शस्त्राभ्यास कर शस्त्रो का परीक्षण किया गया बाद में पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं क्वार्टर गार्ड पीआरवी वाहनों डायल-112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर क्वार्टर गार्ड स्थित गार्द की सलामी ली गयी।


साप्ताहिक परेड की सलामी।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा रात्रिस्तावाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त आदर्श सिंह पुत्र सुघर सिंह निवासी अन्धावा थाना महेवाघाट को तिल्हापुर नहर पुलिया चौराहा के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# नवगठित नगर पंचायत चरवा में मतदाता सूची के नाम पर अवैध वसूली

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त अभियान को पलीता लगाते हुए बेखौफ अधिकारियों ने जगह-जगह पर भ्रष्टाचार को अंजाम दे दिया है निर्वाचन आयोग के कार्यों में भी भ्रष्ट अधिकारी अवैध वसूली करने से बाज नहीं आ रहे हैं ताजा मामला नगर पंचायत चरवा का है जहां मतदाता सूची के नाम पर खुलेआम अवैध वसूली हो रही है नगर पंचायत चरवा के कर्मचारियों का मतदाता सूची के नाम पर अवैध वसूली का वीडियो भी वायरल हो रहा है लेकिन उसके बाद भी नगर पंचायत चरवा के अधिषासी अधिकारी ने मामले को संज्ञान लेकर के वसूली में लिप्त कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं किया है जिससे अवैध वसूली में इनके हिस्सेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता नगर पंचायत चरवा में मतदाता सूची के नाम पर सौ रुपया से लेकर पंद्रह सौ रुपया तक की अवैध वसूली नगर पंचायत के आउट सोर्सिंग कर्मी बेखौफ तरीके से कर रहे हैं कोषागार में पैसा जमा करने और नगर पंचायत द्वारा प्रमाणित मतदाता सूची उपलब्ध कराने के नाम पर वसूली हो रही है नगर पंचायत के आउट सोर्सिंग कर्मी का मतदाता सूची बेंचते हुए वीडियो वायरल हो रहा है फिर भी अधिशाषी अधिकारी अनजान बनने का ढोंग कर रहे हैं अब बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर किसके इशारे पर नगर पंचायत के द्वारा मतदाता सूची बेचने का बेखौफ तरीके से खेल खेला जा रहा है मतदाता सूची के नाम पर वसूली के चलते कस्बे के लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 447 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 05 वाहन से 2500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।


ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता।

## शिक्षक समस्या समाधान दिवस के आयोजन के संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ मूरतगंज ब्लाक महामंत्री मदन कुमार यादव की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज सुनील कुमार सिंह को गुरूवार को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में शिक्षक समस्याओं के निस्तारण हेतु माह में एक दिन शिक्षक समस्या समाधान दिवस के आयोजन डिस्पैच रजिस्टर की व्यवस्था कर रीसीवींग प्रदान करने एरियर के भुगतान, विद्यालय प्रबंध समिति रर (एए) जीरो बैलेंस से खुले खाते के भुगतान प्रक्रिया के संदर्भ में विस्तृत दिशा निर्देश, किसी भी नीतिगत मामलो में संघ की भागीदारी कराने आदि समस्याओं के समाधान की मांग की गयी। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष डा अश्वनी कुमार, ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो सालिम, संगठन मंत्री जिज्ञासु रवि, मीडिया प्रभारी जगदीप, अंजू देवी, ममता सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

# सर्वे के लिए कॉन्ट्रेक्ट पर लगाए गए वाहन अफसरों के मौज मस्ती का बना साधन

## कॉन्ट्रेक्ट के वाहनों के आड़ में करोड़ों रुपए प्रत्येक वर्ष ठेकेदार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा भुगतान किया जा रहा है

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रचार प्रसार और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की हकीकत जानने के लिए सर्वे कराए जाने के निर्देश के तहत स्वास्थ्य विभाग में प्रत्येक विकास खंड के अस्पताल में दो वाहन कॉन्ट्रेक्ट पर लगाए गए हैं इसके अलावा 10 अन्य वाहन भी स्वास्थ्य विभाग में वर्षों पूर्व कॉन्ट्रेक्ट में लगाए गए हैं लेकिन सर्वे और प्रचार-प्रसार का काम पूरी तरह से बाधित है योजनाओं के सर्वे और प्रचार प्रसार के लिए स्वास्थ्य विभाग में कॉन्ट्रेक्ट पर लगाए गए वाहन अफसरों की मौज मस्ती का साधन बन गया है बताया जाता है कि शिवम इंटरप्राइजेज को वाहन के कांट्रैक्ट का ठेका कई वर्षों पूर्व दिया गया है कॉन्ट्रेक्ट के वाहनों के आड़ में करोड़ों रुपए प्रत्येक वर्ष ठेकेदार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा भुगतान किया जा रहा है लेकिन जिस उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने वाहनों को कॉन्ट्रेक्ट पर लगाया है वह सफल होता नहीं दिख रहा है स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं जमीनी हकीकत पर नहीं दिखाई पड़ रही है आम जनमानस के कल्याण के लिए सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जिले के आम जनमानस मरीजो को नहीं मिल रहा है केवल अभिलेखों में स्वास्थ्य योजनाएं संचालित कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी शासन को गुमराह करने में लगे हैं।

सूत्रों की माने तो स्वास्थ्य विभाग में 26 वाहन कांटेक्ट पर लगाए गए हैं लेकिन वाहन का उपयोग शर्तों के अधीन नहीं हो रहा है और यह वाहन अफसरों की मौज मस्ती का साधन बनकर रह गया है कांट्रैक्ट पर लगाए गए वाहनों की समय सीमा पूर्ण होने के बाद वाहनों को हटाया नहीं गया है बल्कि कॉन्ट्रेक्ट की शर्तों के विपरीत कॉन्ट्रेक्टर कंपनी को करोड़ों का भुगतान वर्तमान मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी कर रहे हैं आखिर क्यो नियमों के विपरीत वाहन देने वाले कंपनी को करोड़ों का भुगतान दिया जा रहा है यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन अभी तक वाहन कॉन्ट्रेक्ट के नाम पर नियम के विपरीत करोड़ों रुपए प्रत्येक वर्ष भुगतान किए जाने के मामले को स्वास्थ्य महानिदेशक और स्वास्थ्य मंत्री ने संज्ञान नहीं लिया है जिससे वाहन कॉन्टैक्ट के नाम फर्म को करोड़ो का भुगतान कर कमीशन खोरी के आड़ में विभागीय कर्मचारी और अधिकारी मालामाल हो रहे हैं वाहनों के दुरुपयोग के मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई गई तो कई चेहरे बेनकाब होंगे और कई लोगों पर कठोर कार्यवाही की उम्मीद लगाई जाती है लेकिन क्या योगी सरकार में स्वास्थ्य विभाग में बढ़े भ्रष्टाचार पर स्वास्थ्य मंत्री मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्यवाही कर योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन को आगे बढ़ाने में सफल होंगे या सब कुछ अंधेरगर्दी की तरह स्वास्थ्य विभाग कौशाम्बी में चलता रहेगा वाहनों के नाम पर करोड़ों के भुगतान किए जाने के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उनसे बात नहीं हो सकी है।


प्रमाण पत्र के साथ खो खो टीम के छात्र।

## भवंस मेहता महाविद्यालय में खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में गुरूवार को अंतर्महाविद्यालयीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि महा विद्यालय के पूर्व प्राध्यापक सुशील कुमार श्रीवास्तव और भवंस मेहता विद्याश्रम के प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। भवंस मेहता महाविद्यालय ,भरवारी की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया राजकीय महाविद्यालय, सांगीपुर की टीम महिला और पुरुष दोनों संवर्गों में द्वितीय स्थान पर रही। पुरस्कार वितरण के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी चायल मनीष कुमार यादव के प्रतिभागियों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि के कर कमलों से विजेता टीम को ट्रॉफी तथा सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव , प्रो. विवेक कुमार त्रिपाठी, प्रो. श्वेता यादव डॉ. विमलेश सिंह यादव डॉ. सतीश कुमार तिवारी, डॉ. योगेश मिश्र , डॉ श्रध्दा तिवारी , डॉ. मो. आदिल, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र, डॉ. अनुज कुमार तिवारी, डॉ. राहुल राय , डॉ. सी. पी. श्रीवास्तव, डॉ धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरि, डॉ. महेंद्र उपाध्याय, डॉ. नीति मिश्रा पंकज कुमार आदि उपस्थित रहें।

# कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष ने किसानों को दिया मुफ्त दलहन बीज

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत दलहन की उपज को बढ़ावा देने के लिए कृषि इकाई कोखराज में पहले गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता डिस्टिक को ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या ने किया है।

कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित लोगों ने डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया है इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दलहन की फसल लाभदायक है और दलहन की फसल की खेती कर किसान मालामाल हो सकते हैं उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को योजना के लाभ के बारे में प्रोत्साहित किया है दलहन की उपज के लाभ के बारे में इलाके के उपस्थित किसानों को बिस्तार से बताया गया और किसानों को मुफ्त चना का बीज उपलब्ध कराया गया इस मौके पर कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य,दीप चन्द्र दिवाकर जिला महा मंत्री भाजपा,हरिओम गौतम तकनीकी सहायक मंझनपुर, शिव शंकर यादव प्रभारी कृषि रक्षा इकाई, मनमोहन मिश्रा, नीलेश सिंह,छविन्द्र सिंह कृषि सहित तमाम लोग मौजूद रहे बीज वितरण के दौरान किसानों को 16 किलोवजन की किट वितरण दिया गया।


किसानों को दलहन बीज वितरण करते जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष।

## चोरी की मोटरसाइकिल गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा गस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त अनिल साहू पुत्र रामराज साहू निवासी ग्राम व थाना ओंग जनपद फतेहपुर को लोहदा मोड़ से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल व 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त मैकू लाल पुत्र राम अवतार निवासी धनपुरा थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पचात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# ओपेन जिम एवं खेल मैदान का निर्माण चरणबद्ध कराये जाने के लिए सीडीओ ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत में ओपेन जिम एवं खेल मैदान का निर्माण चरणबद्ध ढंग से कराये जाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा विकास भवन में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सक्षम युवाह्व के अन्तर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में चरणबद्ध रूप से खेल मैदान एवं ओपेन जिम की स्थापना किया जाना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सकें। उन्होंने कहा कि खेल मैदान के निर्मित होने के बाद उसका संचालन ग्राम पंचायत स्तर पर गठित मंगल दलों के माध्यम से किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित लेखपाल द्वारा सर्वप्रथम ग्राम पंचायतों में खेल मैदान के लिए उपलब्ध भूमि का चिन्हांकन कर निर्धारित प्रारूप पर सूचना क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के माध्यम से जिला युवा कल्याण अधिकारी को प्रेषित किया जाय। उन्होंने सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को अपने-अपने ब्लॉक के बी0डी0ओ0 से सहयोग एवं समन्वय स्थापित करते हुए खेल मैदान का निर्माण सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को सर्वप्रथम प्रत्येक ब्लॉक के कम से कम 05 ग्राम पंचायतों में खेल के मैदान का चिन्हांकन कर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दियें।

जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा खेल मैदान के तहत खेल मैदान का समतलीकरण, टहलने के लिए पाथ-वे एवं दौड़ने के लिए ट्रैक/कोर्ट, बच्चों के खेलने के लिए झूला आदि, खेल उपकरण, व्यायाम के लिए ओपेन जिम की व्यवस्था, बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था, योग स्थल की व्यवस्था, सोलर लाइट की व्यवस्था, शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, डस्टबिन, बाउण्ड्रीवाल व वृक्षारोपण आदि कार्य कराये जाने हैं।


बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी।

## गुमशुदा लड़के को 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द

**कौशाम्बी।** गुरुवार 24 नवंबर को प्रार्थी जयचन्द्र प्रजापति पुत्र राजाराम निवासी ग्राम व पोस्ट चरवा थाना चरवा द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया कि मेरे पुत्र अतुल प्रजापति उम्र 20 वर्ष जो अपने नानी के यहां ग्राम काकराबाद थाना कोखराज, तहसील सिराथू में लगभग 6 माह से निवास कर रहा था। जो हर रोज सुबह 9:00 बजे से 12:00 बजे तक कम्प्युटर की कोचिंग भरवारी में करता था 23 नवंबर 2022 को रोज की तरह कोचिंग गया था लेकिन कोचिंग से वापस नहीं आया तथा आज सुबह लगभग 08:00 बजे मेरे पास अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके मेरे पुत्र से बात कराया है तो वह बता रहा था कि मैं बेहोस था अभी होश आया तो अपने आप को खुर्जा जंक्शन स्टेशन बताया है। परन्तु कुछ समय बाद मैने अपनी तरफ से उस मोबाइल नम्बर पर फोन किया तो यह बता रहा है कि मैं बिहार में हूँ पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल को लड़के की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल मार्गदर्शन में साइबर सेल टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुये इलेक्ट्रानिक माध्यमों से व सम्पर्क में आये लोगों से पूछताछ करने पर प्रकाश में आये तथ्यों के आधार पर गुमशुदा अतुल प्रजापति को 24 घण्टे के अन्दर प्रयागराज स्टेशन से बरामद किया गया। गुमशुदा अतुल द्वारा बताया गया की आवश्यक कार्य हेतु घर से मिले पैसे को ऑनलाइन गेम में हार जाने के कारण डरबस घर वापस नहीं आया और प्रयागराज चला गया था तथा मेरे साथ कोई आपराधिक घटना नहीं हुयी है लड़के को बरामद कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## ऊर्जा संरक्षण जागरूकता पर पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में शुक्रवार को जनपद स्तरीय ऊर्जा संरक्षण जागरूकता पर आयोजित पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ` जिसमे जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमे जूनियर वर्ग में शिखा धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी ने प्रथम स्थान प्रकाश पाल धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार ने द्वितीय स्थान प्रियांशु कमला देवी इण्टर कॉलेज भौतर अझुवा को तृतीय स्थान सागर राजपूत जय माँ दुर्गे इण्टर कॉलेज अमिरतापुर अझुवा को सांत्वना पुरुस्कार और अनुराग धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है तथा सीनियर वर्ग में इशिता केशरवानी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी को प्रथम स्थान आयुष कुमार जय माँ दुर्गे इण्टर कॉलेज अमिरतापुर को द्वितीय स्थान शिव नन्दा देवी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को तृतीय स्थान अनुराग धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को सांत्वना पुरुस्कार और सागर राजपूत जय माँ दुर्गे इण्टर कॉलेज अमिरतापुर अझुवा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है निर्णायक मण्डल में संतोष कुमार पटेल राजकीय हाईस्कूल अमिरतापुर एवं श्री के.पी.सिंह श्री हनुमान इण्टर कॉलेज अझुवा रहें इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रशांत कुमार त्रिपाठी संकल्प त्रिपाठी,श्रीमती शिल्पी सिंह धनवन्तरि कुमार रामचन्द्र अमित त्रिपाठी आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0रामकिरण त्रिपाठी ने आये हुये अतिथियो का आभार व्यक्त किया

# बाल कहानी लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बाल कहानी लेखन प्रतियोगिता में जनपद के समस्त विकास खंडों से दस दस शिक्षको ने प्रतिभाग किया डाइट प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के बालक बालिकाओं के स्तरा अनुसार विभिन्न विषयों पर जैसे महिला सशक्तिकरण , प्रेरक प्रसंग , कोविड 19 जागरूकता , पशु पक्षियों, पर्यावरण जागरूकता संदेश पर प्रतिभागियों ने स्वरचित कहानियों का लेखन कर अपने अंदर छुपे बाल कहानीकार का परिचय दिया।

हिंदी विषय प्रवक्ता अरमा देवी ने कहानी लेखन संबंधी समस्त आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्रतियोगिता का आयोजन करवाया ।उन्होंने बताया की इन्ही प्रतिभागियों से चयनित दो विजयी प्रतिभागी राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु भेजे जाएंगे। दिशा निदेशों का पालन करते हुए सभी प्रतिभागियों ने अपने लेखन कौशल का प्रयोग करते हुए अलग अलग कहानियां लिखते हुए प्रस्तुत किया। कहानी लेखन के लिए प्रतिभागियों को निर्धारित डेढ़ घण्टे दिए गए थे।इस मौके पर डायट के सभी वरिष्ठ प्रवक्ता, प्रवक्ता उपस्थित रहे।


बाल कहानी प्रतियोगिता में शामिल शिक्षक।


टैब बितरण करती भाजपा नेत्री।

## भवंस मेहता कॉलेज में छात्रों को दिया गया टैब

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में गुरुवार को डिग्री शक्ति योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैब वितरण सांसद विनोद सोनकर की प्रतिनिधि श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा के द्वारा किया गया। श्रीमती कुशवाहा ने बच्चों को संबोधित करते हुए मंजिल के जी जान से समर्पित होने की बात कही टैब मिलने के बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठें इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो प्रबोध श्रीवास्तव डॉ लक्ष्मीकांत मिश्र और डॉ सी. पी. श्रीवस्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## बैंकों में भी समय के साथ बदलाव की जरूरत

**अधिक** सफल बैंक वे हैं जो अपने ग्राहकों की बात सुनने और अधिक ग्राहक-केंद्रित बनने में बेहतर होते हैं और जो अग्रणी प्रौद्योगिकी और डिजिटल व्यवसाय करते हैं।' उन्हें अपने ग्राहकों को बेहतर ढंग से समझने, विशिष्ट जरूरतों या दर्द बिंदुओं की पहचान करने और उन जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक व्यक्तिगत, लक्षित पेशकश प्रदान करके प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता है। पहले कड़ाही में और फिर आग में। ठीक यही हालत है सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के कार्यकाल के बारे में। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नेतृत्व के कार्यकाल के बारे में बारहमासी शिकायत यह रही है कि शीर्ष पर लगातार बदलाव किया जाता रहा है जिससे अस्थिरता बढ़ी तथा निरंतरता में कमी हुई। अब ऐसा लगता है कि पेंडुलम दूसरे चरम पर चला गया है, स्थिरता की आवश्यकता तो है परन्तु स्थायित्व लाने का काम अत्यन्त बोझिल हो गया है और टिकाऊ भी नहीं जान पड़ता। एक नयी सरकारी अधिसूचना के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एमडी और सीईओ का अधिकतम कार्यकाल 10 वर्ष है, जो 60 वर्ष की आयु के अधीन है। यह सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पूर्णकालिक निदेशकों पर भी लागू होता है। इस कदम के पीछे सरकार का तर्क यह है कि इससे बैंकिंग क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को बनाये रखने में मदद मिलेगी। पहले का कार्यकाल अधिकतम 5 वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले ही था। इसलिए, यह तर्क कि बार-बार परिवर्तन छोटे कार्यकाल के कारण होते हैं, समझ की खिड़की से सीधे बाहर हो जाते हैं क्योंकि यह तथ्यविहीन है। उदाहरण के लिए, पंजाब नेशनल बैंक के केवल सात वर्षों में पांच एमडी थे, जिसका अर्थ है कि कोई भी एमडी किसी भी समुचित अवधि के कार्यकाल तक अपने कार्यालय में नहीं टिक पाया, पूरा कार्यकाल पूरा करने की तो बात ही छोड़ दें। इस संदर्भ में, 10 साल का कार्यकाल अकल्पनीय है, खासकर जब उद्योग इतना गतिशील हो रहा है कि बैंकिंग प्रणाली तथा कार्य करने के तौर तरीकों से जब तक उनका परिचय होता है तब तक तो वे सभी पुराने हो जाते हैं। इसलिए नेतृत्व का स्थायित्व भी तेजी से बदलते बैंकिंग परिदृश्य से भी मेल नहीं खाते। आज की दुनिया में दस साल की अवधि, जिसमें प्रौद्योगिकी ने सूरज के नीचे हर गतिविधि और क्षेत्र को अभिभूत कर दिया है, पारंपरिक अर्थों में एक सदी जितनी अच्छी है।

## जैव ईंधन खत्म नहीं होने वाला उपाय

**आशीष वशिष्ठ**

**कनाडा** यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक के जैव रसायन प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक मार्क ब्यूरेगार्ड ने कुछ समय पहले बताया था कि धरती पर आने वाले लगभग 50 वर्षों तक यानी कि 2070 तक पेट्रोल-डीजल खत्म हो जाएगा। इस पर गौर करते हुए वैज्ञानिक अब वाहनों को चलाने के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं। कनाडा में वैज्ञानिकों ने जैव ईंधन की खोज की है, जिससे आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल खत्म होने पर इसका उपयोग किया जा सकेगा। पेट्रोल-डीजल सीमित मात्रा में उपलब्ध होने से यह खत्म हो जाएंगे, लेकिन जैव ईंधन कभी खत्म नहीं होने वाला उपाय है। क्योंकि, इसका उत्पादन वनस्पति से होगा और वनस्पति लगातार तैयार कर सकते हैं।

जैव ईंधन का सबसे बड़ा फायदा पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, जबकि पेट्रोल-डीजल आदि ईंधन से पर्यावरण प्रदूषित होता है। अमेरिका जैसे विकसित देश ने ग्रीन बिजली पर काम करना शुरू कर दिया है। अमेरिका के मैरीलैंड का टकोमा पार्क में एक चार्ज स्टेशन लगाया गया है जो ग्रीन बिजली से चलता है। एक्सपर्ट मानते है कि आने वाले समय में हमें इस तरह के और आविष्कार करने होंगे। कुछ बुद्धिजीवी इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने का सुझाव देते हैं, लेकिन हमारे देश में तो बहुत से राज्य बिजली की कमी से भी जूझते हैं। कभी कोयले की कमी के कारण, तो कभी बारिश कम होने के कारण। इसलिए कुछ विद्वान कहते हैं कि इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने से ज्यादा जरूरी है कि हाईड्रोजन ऊर्जा की तरफ गंभीरता दिखाई जाए। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमत इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाले वाहनों की ओर लोगों की रुचि बढ़ा रही है। अगर भारत के संदर्भ में बात की जाए तो पेट्रोल, डीजल की कीमतें हमेशा से राजनीतिक तौर पर एक संवेदनशील मसला रही हैं। पेट्रोलियम पदार्थों और खासतौर पर डीजल की कीमतें बढ़ने से आम लोगों के लिए जरूरत की चीजों के दाम भी बढ़ते हैं। भारत में जीडीपी में लॉजिस्टिक्स की लागत करीब 13-14 फीसदी बैठती है। ऐसे में अगर डीजल के दाम बढ़ते हैं तो इसका सीधा असर बाकी वस्तुओं के अलावा सब्जियों, दालों जैसी आम लोगों के इस्तेमाल की चीजों की महंगाई पर भी पड़ता है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें पिछले कुछ सालों से लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में पेट्रोल-डीजल के विकल्प पर व्यापक तौर पर विचार-विमर्श हो रहा है। कुछ समय पहले ही में टोयोटा ने अपनी पहली हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली कार लॉन्च की थी। जिसके जरिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी पहली बार संसद भवन पहुंचे थे। जिसके बाद पेट्रोल, डीजल, इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली कारों में कौन सी बेहतर है इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हाइड्रोजन ईंधन को अब भविष्य का ईंधन माना जा रहा है। भारत बड़ी मात्रा में पेट्रोल-डीजल आयात करता है, ये ईंधन महंगे तो हैं ही, इनसे प्रदूषण भी बहुत होता है, जबकि ग्रीन हाइड्रोजन काफी सस्ती गैस है, इसके जरिये प्रति किलोमीटर सिर्फ 2 रुपये का खर्च आयेगा।

# हाथी की दहाड़ का असर किस पर

**अशोक भाटिया**



> भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में सभी 80 सीटें जीतने का प्लान बना रही है। इसको पूरा करने के लिए पार्टी ने पसमांदा मुसलमानों के लिए भी अपने दरवाजे खोल दिए हैं। अगर मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव भाजपा जीत जाती है तो ये साफ हो जाएगा कि भाजपा ने यादव वोटरों पर भी सेंध लगा दी है

**मैनपुरी** लोकसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में अब 10 दिन बचे है । इस चुनाव में सपा और भाजपा के बीच सियासी घमासान मचा हुआ है । इसमें चाहे किसी को भी जीत मिले, मैनपुरी इस बार इतिहास लिखेगा। आज तक हुए 19 लोकसभा चुनावों में किसी भी शाक्य या महिला प्रत्याशी को जीत नहीं मिली है। मैनपुरी लोकसभा सीट को सबसे पहले कांग्रेस ने जीता तो वहीं समय बदला तो क्षेत्रीय दलों के खाते में भी सीट आती-जाती रही। 1996 के बाद मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और इसके बाद आज तक सपा कभी इस सीट से नहीं हारी। कुल 19 चुनावों में से नौ में बसपा और भाजपा ने 10 शाक्य प्रत्याशी उतारे। इस लोकसभा क्षेत्र में संख्याबल में शाक्य दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन हर बार शाक्य प्रत्याशी को शिकस्त ही मिली । उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के नतीजे राजनीति में गहरा असर डालने वाले हैं। दोनों ही पार्टियां इस चुनाव की अहमियत समझ रही हैं। यही वजह है कि पूरा मुलायम सिंह यादव का पूरा परिवार सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के पीछे खड़ा नजर आ रहा है।

मैनपुरी लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के सामने भाजपा ने रघुराज सिंह शाक्य को उतारा है। मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई ये सीट समाजवादी पार्टी का अजेय दुर्ग रहा है। इस सीट से मुलायम सिंह यादव ने 1996 में पहला चुनाव लड़ा था। उसके बाद सपा को इस सीट से कभी कोई भी हरा नहीं पाया है। मैनपुरी और आसपास की सीटें जैसे बंदायू, इटावा, फरुर्खाबाद जैसी जगहों पर सपा मजबूत होगी और यादव वोटों में सेंध लगाने की कोशिश में लगी भाजपा की कोशिशों को झटका लग सकता है। मैनपुरी की जीत से यादवों में एक बार फिर अखिलेश यादव को लेकर विश्वास बढ़ेगा। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में जीत से बिखर रहा है समाजवादी पार्टी का वोटबैंक फिर से एक हो सकता है। उत्तरप्रदेश में मुस्लिम-यादव समीकरण को अखिलेश यादव बिखरने से रोक नहीं पा रहे थे। लेकिन इस सीट पर जीत के बाद से वो इस समीकरण के सबसे बड़े नेता रहे मुलायम सिंह यादव के उत्तराधिकारी के तौर पर स्थापित हो जाएंगे और इसके साथ ही वह अन्य ओबीसी जातियों जो कि पिछले कई चुनावों में सपा से छिटक गई थीं। उसको क र ीब लाने में कामयाब हो सकते हैं।

उत्तरप्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में सपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी होगी जो भाजपा को सीधे टक्कर देने की ताकत रखती है, ये बात पूरी तरह से स्थापित हो जाएगी। यानी उत्तरप्रदेश की राजनीति में भाजपा के खिलाफ समाजावादी पार्टी सबसे बड़ा ध्रुव होगी और जिसके पास यादवों और मुसलमानों का वोटबैंक होगा। लेकिन अब सवाल ये भी उठता है कि अगर नतीजे सपा के पक्ष में नहीं आते हैं तो उन हालात में उत्तरप्रदेश की राजनीति पर क्या असर होगा। क्योंकि उत्तरप्रदेश की राजनीति में ओबीसी समुदाय से दो बड़े नेता एक मुलायम सिंह यादव और दूसरे कल्याण सिंह रहे हैं। भाजपा में कभी बड़े और ताकतवर नेताओं में शुमार रहे कल्याण सिंह की विरासत को सहेजने में भाजपा कामयाब रही है लेकिन मुलायम की विरासत के लिए अखिलेश यादव मैदान में हैं। लेकिन अगर मैनपुरी का दुर्ग भाजपा भेदने में कामयाब होती है तो उत्तरप्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर तस्वीर एकदम साफ हो जाएगी।

भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में सभी 80 सीटें जीतने का प्लान बना रही है। इसको पूरा करने के लिए पार्टी ने पसमांदा मुसलमानों के लिए भी अपने दरवाजे खोल दिए हैं। अगर मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव भाजपा जीत जाती है तो ये साफ हो जाएगा कि भाजपा ने यादव वोटरों पर भी सेंध लगा दी है। इस जीत के साथ ही उत्तरप्रदेश में लोकसभा की सभी 80 सीटें जीतने के सपने के और करीब आ जाएगी। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार का सबसे मजबूत किला अमेठी को भाजपा जीत चुकी है। इस चुनाव में खुद राहुल गांधी भाजपा नेता स्मृति ईरानी से हार गए। लेकिन मैनपुरी यादव परिवार का किला है। जिसको तोड़ना लगभग नामुमकिन है क्योंकि इस सीट पर यादव वोटरों की संख्या 5 लाख के करीब है। लेकिन भाजपा इस सीट को जीतने में कामयाब होती है तो उत्तरप्रदेश की राजनीति में एक और किला टूट जाएगा।

उत्तरप्रदेश में यादव वोटरों को आधार बनाकर समाजवादी पार्टी अभी ओबीसी की पार्टी है और इसका अन्य जातियों में भी वोट रहा है। हालांकि मुलायम सिंह यादव की सक्रियता कम होने के साथ-साथ ही सपा से गैर यादव ओबीसी छिटक गए हैं। लेकिन यादवों का समर्थन कम नहीं रहा है। इधर भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग के दम पर सवर्णों की पार्टी से खुद को गैर यादव ओबीसी की पार्टी में बदल लिया है। अब भाजपा की पूरी कोशिश है कि पसमांदाओं के दम पर मुसलमानों और यादव नेताओं को आगे करके इस एमवाई समीकरण में सेंध लगाई जाए। मैनपुरी में जीत बिना यादवों के समर्थन से नहीं हो सकती है। भाजपा अगर मैनपुरी में जीतती है तो साफ हो जाएगा कि कुछ न कुछ यादवों का वोट भी भाजपा के खाते में गया है। इस जीत के साथ ही साफ हो जाएगा कि उत्तरप्रदेश में अब ओबीसी की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा बन गई है। उत्तरप्रदेश में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने के बाद भाजपा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कद बहुत बढ़ गया है। वो सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य में लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं। वो खुद क्षत्रिय समाज से आते हैं। उन पर भेदभाव का भी आरोप लगता रहा है। लेकिन जिस राज्य में ओबीसी वोटरों की संख्या सबसे ज्यादा है वहां पर उन्होंने दूसरी बार सरकार बना ली है। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में जीत राज्य में योगी आदित्यनाथ को निर्विवाद रूप से सबसे बड़े नेता के तौर पर स्थापित कर देगी। वो सिर्फ सवर्णों के नहीं इस जीत के साथ पिछड़ों के भी नेता बन बन जाएंगे।

गौरतलब है कि इस साल के शुरूआत में जो विधानसभा चुनाव हुए थे उन विधानसभा चुनाव पर नजर डालें तो इसके परिणाम सपा के लिए चिंताजनक रहे थे। मैनपुरी लोकसभा के अंतर्गत चार विधानसभा सीट मैनपुरी, भोगांव, किशनी और करहल आती है। इन चार सीटों पर भाजपा ने मैनपुरी और भोगांव, जबकि सपा ने किशनी और करहल में जीत दर्ज की थी। सपा का गढ़ रही मैनपुरी सीट पर भाजपा की जीत ही पार्टी के लिए काफी चिंता वाली बात है। इस सीट पर योगी सरकार के मंत्री जयवीर सिंह ने जीत दर्ज की थी। जयवीर सिंह ने सपा के राज कुमार उर्फ राजू यादव को 6,766 वोटों से हराया था। इसके अलावा भोगांव विधानसभा सीट पर भी भाजपा के राम नरेश अग्निहोत्री ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने सपा प्रत्याशी आलोक शाक्य को 4,767 वोटों से हराया था। जबकि सपा ने किशनी और अखिलेश यादव की सीट करहल से जीत दर्ज की थी। किशनी सीट पर सपा के बृजेश कठेरिया ने भाजपा प्रत्याशी प्र?िय रंजन आशू द?िवाकर को 19,151 वोटों के अंतर से हराया था। इसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने करहल सीट पर 67,504 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री एस.पी.सिंह बघेल को हराया था। इस चुनाव परिणाम ने एक बार फिर सपा खेमे में हलचल पैदा कर रखी है। उपचुनाव के नतीजे राजनीति में गहरा असर डालने का एक कारण मायावती भी हो सकती हैं ।साल 2019 का लोकसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ने वाली बसपा की प्रमुख मायावती ट्वीट कर लगातार सपा और भाजपा दोनों को ही घेर रही हैं। मायावती के दोनों दोनों दलों पर हमलावर रुख का चुनाव में दलित मतदाताओं पर क्या असर होगा, चर्चा इसी बात को लेकर है। दरअसल, अतीत के चुनावी इतिहास पर नजर डालें तो मायावती की पार्टी उपचुनाव में अपना उम्मीदवार नहीं उतारती है।

# गीता दर्शन ग्रंथ है, इसका प्रारम्भ विषाद से होता है

**हृदय नारायण दीक्षित**

**गीता** दर्शन ग्रंथ है। इसका प्रारम्भ विषाद से होता है और समापन प्रसाद से। विषाद पहले अध्याय में है और प्रसाद अंतिम में। अर्जुन गीता समझने का प्रभाव बताते हैं, नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत। हे कृष्ण आपके प्रसाद से - त्वत्प्रसादान्मयाच्युत मोह नष्ट हो गया। प्रश्न उठता है कि यह विषाद क्या है? युद्ध के प्रारम्भ में ही अर्जुन के सामने कठिनाई आती है। उसके अपने घर के लोग ही युद्ध तत्पर सामने खड़े हैं। सगे सम्बंधी हैं। वह तय नहीं कर पाता कि क्या सगे सम्बंधियों को मार कर युद्ध में जीतकर राज्य लिया जाना चाहिए। अर्जुन विषाद ग्रस्त है। वह अपनी मनोदशा बताता है - ह्वसीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति। हमारा पूरा शरीर कपकपी में है। हमारा मुँह सूख रहा है। हे कृष्ण मैं युद्ध नहीं करूँगा। यहाँ अर्जुन निश्चयात्मक हो गया है। पहले बाएं या दाएं जाने की बात थी। वह अब युद्ध न करने का निर्णय कर चूका है। इसके बाद श्रीकृष्ण ने हँसते हुए कहा। हँसते हुए इसलिए कि वह पूरी बात बिना सुने ही स्वयं निर्णय लिए ले रहा है। पहले कहता है कि सब सम्बंधी खड़े हैं। अब मैं क्या करूँ? फिर एकदम से निर्णय लेता हैं कि हे त्रिलोकी मैं युद्ध नहीं करूँगा। स्वाभाविक ही उपदेशक को उस पर हंसी आएगी। कभी कभी सबके जीवन में जीवन संचालन के लिए आधारभूत सत्य भी अस्पष्ट दिखाई पड़ते हैं। समझ में नहीं आता कि क्या किया जाए? सृष्टि का वास्तविक रहस्य क्या है? वास्तविक रहस्य जानने के लिए हमारे राष्ट्रजीवन में वैदिक काल से ही प्रश्नों की परंपरा रही है। दुनिया की किसी भी सभ्यता संस्कृति में भारत जैसी प्रश्नाकुल बेचैनी नहीं मिलती। गीता भी अर्जुन के प्रश्नाकुल चित्त का उत्तर है। रामचरितमानस में कागभुशुण्डि और गरुण के प्रश्नोत्तर हैं महाभारत में यक्ष और युधिष्ठिर के बीच प्रश्नोत्तर है। भारत की मनीषा जिज्ञासा और प्रश्नों से भरीपूरी रही है। ऋग्वेद के पहले मण्डल में ही एक सुन्दर सा मन्त्र आता है जहां ऋषि कहता हैं - पृक्षामि त्वाम भुवनस्य नाभि - हे देवताओं ब्रह्माण्ड बहुत बड़ा है। मैं सभी भुवनों का केन्द्र जानना चाहता हूँ।

हमारे पूर्वज ऋषि ब्रह्माण्ड का केन्द्र जानने की जिज्ञासा में थे। उत्तरवैदिककाल में तमाम उपनिषद् साहित्य प्रकट हुआ, रचा गया। कठोपनिषद् पुरानी है। गीता से भी बहुत प्राचीन। कठोपनिषद् की अनेक बातें गीता में मूल रूप में दिखाई पड़ती हैं जैसे ह्वकोई व्यक्ति ये समझता है कि हम किसी को मारते हैं या वह सोचता है कि हमको कोई मारता है। हे अर्जुन ये दोनों सत्य नहीं जानते।ह्व यह बात कठोपनिषद् में भी यम और नचिकेता के संवाद में है। कोई कह सकता है कि क्या यहां कोई नई बात नहीं लिखी जा सकती थी? असल मे भारतीय परंपरा व चिंतन में कंटीन्यूटी है। निरंतरता है। जो बात ऋग्वेद के ऋषि कहते हैं वही बात काल के क्रम में श्रीकृष्ण दोहराते हैं। दोहराव का मूल भिन्न नहीं होता। दुनिया के अन्य देशों में ऐसी सांस्कृतिक निरंतरता नहीं दिखाई पड़ती। वैदिक काल व तत्कालीन गीता दर्शन के रचनाकाल में फासला है। गीता के कालखंड में तमाम तरह की परिस्थितियां बदल चुकी थीं। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में एक विराट पुरुष की कल्पना की गई है। बताया गया है, वह सहस्त्र शीर्षा है। हजारों सिर वाला हजारों पैरों वाला है। उसके भीतर पूरा ब्रह्माण्ड है। ऋग्वेद के बहुत समय बाद हजार साल बाद डेढ़ हजार साल बाद फिर गीता में विश्व रूप दिखाई पड़ता है। विराट पुरुष से विश्व रूप की तुलना करिये। ऋग्वेद में जगत, ब्रह्माण्ड, सूर्य, चंद्र, धरती, आकाश प्रीति प्यार सबक एक जगह पर हैं। पुरुष की तरह ही गीता का विश्वरूप है। गीता में दोनों का मेल दिखाई पड़ेगा। क्यों दिखाई पड़ेगा? क्योंकि सत्य एक है विद्वान उसे अपने अपने ढंग से कहते हैं - एकम् सद् विप्रा बहुधा वदन्ति। बात वही है। पहले से चली आ रही परंपरा में है।

एक शब्द है अध्यात्म। बहुत सारे मित्र हमें आध्यात्मिक कहते हैं। फिर स्वयं के लिए कहते हैं कि मैं भी आध्यात्मिक हूँ। मित्र लोग आते हैं। कहते है पंडित जी आप आध्यात्मिक आदमी हो मैं भी आध्यात्मिक हूं। मैंने पूछा कि आध्यात्मिक माने क्या? आप हमको भी आध्यात्मिक बनाए दे रहे हो और स्वयं को भी। इसका अर्थ क्या है? सरल चित्त वाले मित्रों ने कहा, ह्वरामायण पढ़ लेना, महाभारत पढ़ लेना, होली मनाना, दिवाली मनाना कर्मकांड करना कुछ व्रत रहना आदि अध्यात्म है। हम लोग शांत चित्त से आपस में विचार कर सकते हैं। इस प्रश्न का सीधा उत्तर नहीं मिलता। मेरे पास भी नहीं है। लेकिन गीता में है। गीता में अर्जुन कृष्ण से सीधा प्रश्न करते है किम अध्यात्मं - हे कृष्ण अध्यात्म क्या है? सीधा प्रश्न है। किम अध्यात्मं। क्या है अध्यात्म? कृष्ण का उत्तर भी सीधा है। जैसे प्रश्न सीधा वैसे ही तीन शब्दों का उत्तर भी सीधा, ह्वस्वभावो अध्यात्म उच्चयते। स्वभाव ही अध्यात्म कहा जाता है। स्वभाव का थोड़ा विवेचन कर लें। अगर मैं गुस्सा हो जाऊं। होऊंगा नहीं। चाहे जो भी कहो लेकिन अगर मैं गुस्सा हो जाऊं। माइक फेंक दूं तो अखबार के लिए मजेदार खबर बनती है। मेरे मित्र मुझको बचाने के लिए कहेंगे ह्वयार उनका स्वभाव ही ऐसा है। क्या किया जाए।ह्व यहाँ स्वभाव का अर्थ निकलता है हमारे व्यक्तित्व की परिधि की हलचल। परिधि शब्द गणित विज्ञान का है। व्यक्तित्व की परिधि में जो कुछ घटता है उसको हम स्वभाव मान लेते हैं। इस स्वभाव का अभिप्राय मूल स्वभाव से नहीं है। स्व हमारा अंतर्तम भाग है। भीतर का अपना भाव। यही अध्यात्म है। वह हमारे भीतर खिलता है। भीतर पकता है। भीतर उगता है। भीतर कली बनता है। भीतर फूल बनता है। भीतर रस बनता है। भीतर सोम बनता है। साम बनता है। छंद बनता है। भीतर स्वभाव है। बाहर के कर्मों कच स्वभाव कहना गलत है। वह मूल स्वभाव नहीं है। वह परिधि पर किया गया हमारा कर्म है। स्व महत्वपूर्ण है। स्व शब्द से एक सुन्दर शब्द बना स्वार्थी। बड़ा प्यारा शब्द है। इसका उपयोग है जीवन में। लेकिन यह शब्द बड़ा निन्दित हो गया है कि आदमी बड़ा स्वार्थी है। स्वार्थी माने जो स्व के लिए काम करता है। स्व भीतर का भाग है। स्वार्थी विद्यार्थी ठीक से अध्ययन करता है। ठीक से पढ़ता है। स्वार्थी अध्यापक ठीक से पढ़ाता है। उसका स्वार्थ इसमें है कि हमको यश मिले। प्रतिष्ठा मिले। इसी स्व से बनता है स्वस्थ। अपने में होना स्वस्थ होना है। हम लोग अर्थ लेते हैं जो बीमार नहीं वह स्वस्थ है। स्वस्थ माने अपने में होना। गीता का स्वभाव अध्यात्म है। स्वभाव आपका हमारा मूल है। उसकी तरफ ध्यान करना शुभ है। उसी तरफ देखें।

# भारतीय संविधान: सत्य की विजय का उद्घोषक संविधान जयकारों पर भारी पड़ता मौन

**डॉ घनश्याम बादल**

**आज** संविधान दिवस है , 73 वर्ष पहले 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ । इस दिन की महत्ता को प्रतिपादित करने के लिए 2015 से संविधान दिवस मनाना शुरू हुआ । इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था ।

भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है और इसे तत्कालीन ब्रिटिश संविधान का ही संशोधित एवं परिष्कृत रूप माना जाता है। डॉ भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के वास्तुकार थे जबकि संविधान समिति के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद थे । संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया था । संविधान के निर्माण में करीब 284 लोग शामिल थे. जिसमें 15 महिलाएं भी थीं । भारतीय संविधान में एक उद्देशिका 470 अनुछेद व 25 भाग शामिल हैं । इसमें बारह अनुसूची एवं 105 अनुलग्नक हैं । अब तक 127 संविधान संशोधन विधेयक संसद में लाये गये हैं जिनमें से 105 संविधान संशोधन विधेयक पारित होकर संविधान संशोधन अधिनियम का रूप ले चुके हैं। 26 जनवरी 1950 से लागू भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक लोकतांत्रिक समाजवादी धर्मनिरपेक्ष गणराज्य घोषित किया गया है और इसमें अधिकारों कर्तव्यों के साथ नीति निर्देशक तत्व भी शामिल हैं। लोगों को यह तो पता है कि भारत का संविधान किसने बनाया, कब व कितने समय में बनाया और संविधान में क्या कर क्या है मगर संविधान को मनोरम चित्रों से किसने सजाया यह विरले लोग ही जानते होंगे। विशेषज्ञ जब संविधान बना रहे थे तब जवाहर लाल नेहरू इन्हें सजाने वाले की खोज करवा रहे थे। यह खोज बंगाल के शांतिनिकेतन में आकर पूरी हुई जहां कलाभवन में प्राध्यापक नंदलाल बोस काम करते थे । प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें संविधान को चित्रों से सजाने का उनसे आग्रह किया, जिन्हें नंदू बोस ने स्वीकार कर लिया। प्रारंभिक संविधान में 22 भाग थे और हर भाग की शुरूआत में 8 गुना 13 इंच के चित्र हैं। इन 22 चित्रों को बनाने में 4 साल लगे. इस काम के लिए नंदलाल बोस को 21 हजार रुपए मिले थे । दूसरी तरफ एक दूसरे कलाकार प्रेम बिहारी रायजादा ने मेहनताना लेने से इनकार कर दिया था। भारत के संविधान से जुड़ी एक और रोचक जानकारी यह है कि इसकी मूल प्रति टाइपिंग या प्रिंट में उपलब्ध नहीं है। संविधान की मूल प्रति हिंदी और अंग्रेजी में हाथ से लिखी गई है जिसे प्रेम बिहारी रायजादा ने लिखा है। रायजादा ने पेन होल्डर निब से संविधान के हर पन्ने को बहुत ही खूबसूरत इटैलिक अक्षरों में लिखा है। सुलेखन यानी कैलिग्राफी प्रेम बिहारी का खानदानी शौक था। संविधान को हाथों से लिखने में 6 महीने का समय लगा था. लेकिन इस काम से जुड़ा एक रोचक किस्सा है। जब प्रेम बिहारी से सरकार ने इस काम को पूरा करने के लिए पारिश्रमिक के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा, मुझे एक भी पैसा नहीं चाहिए । न ही कोई महंगा उपहार चाहिए। लेकिन उन्होंने संविधान के हर पृष्ठ पर अपना नाम और अंतिम पृष्ठ पर अपने दादाजी का नाम लिखने की शर्त रख दी, जिसे सरकार ने मान लिया। भारत के संविधान को नंदलाल बोस के अद्भुत चित्रों में मोहनजोदड़ो, वैदिक काल, रामायण, महाभारत, बुद्ध के उपदेश, महावीर के जीवन, मौर्य, गुप्त और मुगल काल, इसके अलावा गांधी, सुभाष, हिमालय से लेकर सागर आदि के सुंदर चित्र शामिल हैं । वास्तव में यें चित्र भारतीय इतिहास की विकास यात्रा के प्रतीक हैं ।

इन चित्रो की शुरूआत भारत के राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के शेर से हुई है । अगले भाग में भारत की प्रस्तावना लिखी है, जिसे सुनहरे बार्डर से घेरा गया है. मगर इससे जुड़ा एक विवाद भी है । दरअसल, भारतीय संविधान की मूल प्रति के कवर पेज पर अशोक स्तंभ के तीन शेर अंकित हैं। अंदर के पृष्ठों पर बॉर्डर उकेरे गए हैं । आरोप है कि इन्हें उकेरने वाले इंदौर के कलाकार दीनानाथ भार्गव और उनके साथी कलाकारो का संविधान में कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है । शांति निकेतन के प्राचार्य नंदलाल बोस के परिवार के लोगों ने इन कलाकारों का हक छीनकर अपने परिवार के लोगों के नाम संविधान की सजावट करने वालों में लिखे हैं और इनका नाम गायब कर दिया है। एक शोध कार्य के दौरान दीनानाथ भार्गव को इसकी जानकारी मिली और बाद में उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को इसकी लिखित शिकायत भी की थी एक तरह से आरोप है कि जिस तरह कानून की मूर्ति की आंखों पर पट्टी बंधी हुई है उसी का लाभ उठा कर संविधान निर्माण की शुरूआत से ही आंखों में धूल झोंकने का कार्य भी किया गया जो आज तक किया जा रहा है।

## थाली के बैंगन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**भजनखबरी** उपचुनाव में नेताओं के लिए वोट बटोरने का नया धंधा चालू कर रखा है। अंतर केवल इतना है कि यह सब वह घर पर रहकर करता है। इससे पहले बाहर जाओ, धूप में पसीना बहाओ, पोस्टर चिपकाओ, इनकी-उनकी गाली खाओ की फजीहत थी। धन्यभाग्य की ऑनलाइन के चलते उसके माथे में प्रचार-प्रसार के नए विचार ठनके। अब वह घर पर रहकर ही सारी सृजनशीलता दिखा रखा है। मल्टी मीडिया के चलते सोशल मीडिया की सीढ़ी चढ़कर नेता जी को नए-नए आइडिया दे रहा है। बदले में अच्छी-खासी मोटी रकम वसूल रहा है। वह जिस नेता का प्रचार-प्रसार कर रहा था उनका नाम दयाराम था। सिर्फ नाम के दयाराम थे। पुलिस थाने में उनकी दया के किस्से चोर-डकैती, लूटपाट, खूनखराबा के रूप में दर्ज है। इसी दयाराम के ऊपर भजनखबरी ने छोटा-सा गीत लिख डाला राम बोलो भाई राम बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। प्यार से बोलो भई जोर से बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। फूटा अंडा निशान है बोलो झ जय जय दयाराम बोलो। चुनाव में यही बटन दबा दो झ जय जय दयाराम बोलो। गीत सुनने के बाद दयाराम जी को लगा कि आरंभ की लाइनें शवयात्रा जैसी हैं। इस पर भजनखबरी ने स्पष्टीकरण देते हुए उवाचा झ नेता जी आजकल लोग बड़े बदल गए हैं। वे पारंपरिक पद्धति के गीत नहीं सुन रहे हैं। उन्हें एकदम हटकर सुनना पसंद आता है। चूँकि गीत की आरंभिक पंक्तियाँ शवयात्रा सी लग रही है इसलिए यह गीत उन्हें बहुत पसंद आयेगा।

# विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

## सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान बने ओमकारनाथ गुप्ता



**अखंड भारत संदेश**

**सफीपुर उन्नाव।** शुक्रवार को स्थानीय कस्बे के मोटेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ शप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस 5 आचार्यों ने विधि विधान के साथ वेदी पूजन कराया। तत्पश्चात मोटेश्वर मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें यजमान बने ओंमकारनाथ गुप्ता व पीताम्बर वस्त्रधारी महिलाएं मंगल कलश सिर पर धारण कर प्रभु का गुणगान करते हुए चल रही थीं। कलश यात्रा मोटेश्वर महादेव मंदिर से शालिगराम मंदिर, काशी शाह मंदिर, शंकरी देवी मंदिर, दुर्गा मंदिर से होते हुए वापस मोटेश्वर मंदिर पहुंच कर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान बैंड बाजे की धुन पर नर नारी थिरकते हुए चल रहे थे। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्ति मय हो गया। कथा व्यास स्वामी रामस्वरूपजी ब्रह्मचारी ने भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व में सभी कथाओं में भागवत कथा श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है।वह तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। इसलिए इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। क्योंकि यह कथा भगवान श्रीकृष्ण के मुख की वाणी है। जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध के प्रसंग का उल्लेख होने के साथ व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। कलश यात्रा में ओंमकार गुप्ता, शिवप्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजीव गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, आदि सैकड़ों की संख्या में भगवत प्रेमी नर नारी सम्मिलित हुए।

# इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का डीएम अपूर्वा दुबे ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव।** इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे एवं उ0प्र0 रेडक्रॉस सोसाइटी की महासचिव श्रीमती हिमा बिन्दु नायक द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

शुभारम्भ के मौके पर डीएम ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा किये गये रक्तदान से कई लोगो की जिन्दगी बच सकती है। रक्तदान कर हम जहॉ एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे हमे आत्म सन्तुष्टि भी मिलती है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उ0प्र0 रेडक्रॉस सोसाइटी की महासचिव ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी की जनपद उन्नाव द्वारा जन कल्याणार्थ सतत सेवाएं दी जा रही है। उन्होने कहा कि सोसाइटी को केवल नगरीय क्षेत्रों में ही सीमित न किया जाए। इसके कार्यो को ग्रामीण स्तर पर भी पहुँचाया जाए। नवागत मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज ने कहा कि रक्त दान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन होते रहने चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए पूरा सहयोग किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्य प्रकाश ने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगो के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद है। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते है कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है। जबकि यह पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान वजन घटाने में मदद करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। हृदय रोग के खतरे तथा कैंसर की संभावना को कम करता है। रक्तदान करने के कई सारे फायदे है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 आलोक पाण्डेय, रेडक्रॉस सोसाइटी के पदेन अधिकारी आशादीन तिवारी, उमेश चन्द्र साई बाबा, सन्दीप पाण्डेय, मनीष सिंह सेंगर, हर्ष तिवारी, संजय सिंह, दीपचन्द्र मिश्रा, हरिहर दीक्षित, विष्णु गौड़ सहित रक्तदाता गण उपस्थित रहे।

## शासन की मंशानुसार अधिकारी करें काय: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने आंगनबाडी केन्द्र बछरन भोला का पुरवा मिनी का लोकार्पण एक छोटे बच्चे के हाथ से कराया। ये आंगनबाडी केन्द्र प्राथमिक विद्यालय में चल रहा है। जिलाधिकारी ने आंगनबाडी केन्द्र की सभी व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर कहा कि प्रकाश की व्यवस्था चैकस करायें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्ष संख्या आठ का निरीक्षण कर कहा कि प्रकाश की व्यवस्था चैकस करायें। बीएसए से कहा कि बीआरसी की रंगाई-पुताई अच्छे से करायें, ताकि क्लास चमकता हुआ दिखाई देना चाहिए। उन्होंने बछरन गांव के बडा अमृत सरोवर को देखकर कहा कि तालाब से उतरने को अतिरिक्त सीढियां भी बनवायें।

उन्होंने बछरन का खेल मैदान भी देखा। डीसी मनरेगा से कहा कि तालाब से पम्प से पानी लेकर फील्ड में हफ्ते में दो बार छिडकाव करायें। उन्होंने शीतकालीन जनचैपाल में लोगों की समस्यायें सुनकर विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया। एसडीओ राजापुर को निर्देश दिये कि अन्ना पशुओं की समस्या दूर की जाये। संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य करायें। किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम, बीएसए लवप्रकाश यादव, डीएसओ बीके महान, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल व प्रधान आदि मौजूद रहे।

फोटो-

## अभिभावकों के मन में विद्यालय के प्रति जगायें विश्वास: एनपी सिंह



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण के आठवें चक्र का समापन खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय के रुप में विकसित करने को शिक्षकों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी बैचों में प्रतिभागियों से आवाहन किया कि टीम भावना से विद्यालय को निपुण विद्यालय बनायें।

शुक्रवार को बीआरसी कर्वी में चल रहे निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण के आठवें चक्र का समापन हुआ। पचास-पचास प्रतिभागियों के दो बैच चले। 12 अक्टूबर से प्रशिक्षण जारी है। विकासखण्ड में प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक/शिक्षामित्रों में से कक्षा एक से तीन तक शिक्षण कार्य करने वाले 793 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है। आठवें चक्र तक 650 शिक्षकों को प्रशिक्षण मिल चुका है। प्रशिक्षण में विकासखण्ड में कार्यरत एआरपी तीरथ प्रसाद, दिलीप सिंह, संतोष कुमार साहू, अशोक कुमार पठारी, सुशील साहू ने संदर्भदाता के बतौर प्रतिभागी शिक्षकों व शिक्षामित्रों को निपुण भारत मिशन के उद्देश्य बताये।

समापन सत्र में खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि अभिभावकों के मन में विद्यालय के प्रति विश्वास जगायें। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव ने भी प्रशिक्षण का अवलोकन किया। सीमैट प्रयागराज की टीम ने लगातार आनलाइन प्रशिक्षण की सक्रियता एवं व्यवस्थाओं की सराहना की है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। नौंवा बैच 29 नवम्बर से शुरू होगा।

## विवाह घरों के सामने सडक पर पार्क न करें वाहन: सीओ सिटी




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने गेस्ट हाउस, होटल, रेस्टोरेन्ट एवं विवाह घरों के संचालकों के साथ बैठक कर निर्देश दिये कि किसी भी कार्यक्रम दौरान अपने प्रतिष्ठानों में ब्लाइंड स्पाट का चयन कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगायें।

शुक्रवार को सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कोतवाली कर्वी में हुई गोष्ठी में कहा कि कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए समुचित पार्किंग की व्यवस्था करायें। सुरक्षा को प्रतिष्ठान के एक कर्मचारी की ड्यूटी अवश्य लगायें। चेताया कि प्रतिष्ठान के बाहर सडक पर पार्किंग किसी सूरत में न की जाये। होटल, विवाह घर, रेस्टोरेन्ट में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर लें। खराब होने की दशा में कैमरे दुरुस्त करायें। अग्निशमन यंत्रों को भी फायर सर्विस के कर्मियों से चेक करा लें। ठीक से काम न करने वाले यंत्रों को बदल दें, ताकि हादसों से बचा जा सके। कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रतिष्ठान में कार्य करने वाले कर्मचारियों को काम पर रखने से पहले पुलिस सत्यापन अवश्य करायें, तभी काम पर रखें। किसी भी समय पुलिस की मदद की जरूरत हो तो तत्काल संबंधित थाना-चैकी को सूचना दें। गोष्ठी में चैकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण कुमार सिंह, होटल, रेस्टोरेन्ट, विवाह घर, गेस्ट हाउस के संचालक मौजूद रहे।

## 40 बीघा अवैध प्लाटिंग पर गरजा बुलडोजर, भू-माफियाओं के उडे होश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर शहर की सबसे बडी अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चल गया है। तकरीबन 40 बीघा भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया गया है। इससे भू-माफियाओं के होश उड गये हैं।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर यूपी सीमा पर हनुमान धारा के पास हो रही तकरीबन 40 बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन का बुलडोजर गरजने लगा। देखते-देखते अवैध प्लाटिंग को नेस्तनाबूत कर दिया गया। हनुमानधारा रोड पर विकास प्राधिकरण के बिना नक्शा जारी कराये अवैध ढंग से प्लाटिंग की जा रही थी। कृषि योग्य भूमि को व्यवसायिक भूमि में भी तब्दील नहीं कराया गया था। अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलने से भू-माफियाओं के होश उड गये हैं। जिले में इन दिनों बडे भू-माफिया के बतौर नवनीत, सुधीर, गिरीश पाण्डेय आदि नाम उभरकर आये हैं। ऐसे भू-माफियाओं पर गैंगेस्टर की कार्यवाही के तहत इनकी सम्पत्ति पर भी बुलडोजर गरजना चाहिए। जिला प्रशासन यदि ऐसे लोगों की आय से अधिक सम्पत्ति की जांच करे तो बुलडोजर चलना तय है।

# नजूल भूमि पर बने घरों पर गिर सकती प्रशासन की गाज नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्र ने तहसील कर्वी के धुस मैदान के आगे नावघाट में (नान जेड ए) सरकारी भूमि या नजूल भूमि पर बने घरों का निरीक्षण कर वहां हो रही प्लाटिंग को भी देखा। उन्होंने कहा कि गाटा संख्या 601 व 602 नान जेड ए भूमि है। ज्ञात है कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के संज्ञान में धुस मैदान के आगे नावघाट मोहल्ले में सरकारी भूमि को चैधरी छोटेलाल से बैनामा कराकर जिले के बहुत बडे भू-माफिया गिरीश पाण्डेय व एक गुप्ता परिवार ने वहां पर तमाम लोगों को भारी कीमत पर प्लाट बेचें हैं। गाटा संख्या 601 व 602 नजूल भूमि पर तमाम लोगों ने बडी-बडी हवेलियां खडी कर ली हैं। जिलाधिकारी के संज्ञान में मामला आने पर उन्होंने नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्र को मौके पर भेजकर मुआयना कराया।

नायब तहसीलदार ने मुआयने में पाया कि वहां पर गाटा संख्या 601 व 602 नजूल भूमि है। वहां पर तमाम लोगों ने बडी-बडी हवेलियां व मकान बना लिए हैं। कुछ भूमि खाली भी पडी है। उन्होंने प्लाटिंग करने वालों के नाम-पते पूंछे। उन्हें लोगों ने बताया कि गिरीश पाण्डेय ने प्लाटिंग कर करोडों रुपये अर्जित किये हैं। अल्पकालखण्ड में ये बहुत बडा भू-माफिया बन गया है। उन्होंने कहा कि नजूल भूमि की पैमाइश कराई जायेगी। नजूल भूमि में बने घरों की भी नापजोख करवाई जायेगी। जो भी नजूल भूमि होगी, वहां पर नजूल भूमि का बोर्ड लगाया जायेगा। सूबे की योगी सरकार में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जेधारकों को हटाने का अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत नजूल भूमि पर घर बनाये लोगों पर भी गाज गिर सकती है। ऐसे घरों का दाखिल-खारिज भी नहीं हुआ है। बैनामा के दसों साल बाद भी किसी का दाखिल-खारिज नहीं हुआ है, जबकि दाखिल-खारिज कराने के ऐसे लोगों ने बहुतेरे प्रयास किये हैं। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के कपसेठी गांव में नटबाबा के पास सडक में दर्ज भूमि गाटा संख्या 607 को खरीदकर घर बनाने वाले पर भी गाज गिराने की तैयारी प्रशासन ने कर ली है। जल्द ही सडक की भूमि को खरीदने वाले पर कडी कार्यवाही होने के आसार हैं।

# सीओ सिटी ने साइबर फ्राड की दी जानकारी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अध्यक्षता में यातायात जागरूकता/साइबर गोष्ठी हुई।

शुक्रवार को संतथामस स्कूल में हुई गोष्ठी में सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने बताया कि दो व चार पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट अवश्य लगायें। छात्रों से कहा कि 18 वर्ष की उम्र होने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर ही वाहन चलायें। उन्होंने विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइबर फ्राड के बारे में बचाव के तरीके बताये। सोशल साइड पर सावधानी रखने की चेतावनी दी।

निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव ने बताया कि दो व चार पहिया वाहन चलाते समय मोबाइल फोन/हेडफोन का प्रयोग न करें। धीमी गति से वाहन चलायें। जल्दबाजी में तेज गति से वाहन न चलायें। यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए यातायात संकेतों की बाबत बताया। सडक हादसा होने पर घायलों की मदद करें। परिवहन विभाग हादसों में घायल की मदद करने वालों को नकद पुरस्कार देता है। नम्बरों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने के बारे में बताया। स्कूली वाहन चालकों से कहा कि क्षमता के अनुसार बच्चों को बैठायें। सभी वाहनों में फर्स्ट एड किट, अग्निशमन यंत्र एवं खिडकियों में सुरक्षा जाली अवश्य लगायें। सडक पर वाहन चलाते समय मोडते समय धीमी गति रखें। गोष्ठी में स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट के तहत स्कूली बच्चों ने सामाजिक मूल्य, धैर्य, स्वच्छ भारत मिशन पर चर्चा की। गोष्ठी में संत थामस स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र-छात्रायें, स्कूली वाहन चालक आदि मौजूद रहे।

# बांगरमऊ लखनऊ रोड पर ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत दूसरा गंभीर



**अखंड भारत संदेश**

**बांगरमऊ उन्नाव ।** बांगरमऊ लखनऊ रोड पर ढाबा के पास हुआ हादसा हरियावर मजरा के सलारी खेड़ा निवासी गुड्डू चंदीगण में किसी फैक्ट्री में कपड़ा सिलाई का काम करता है अभी एक दिन पहले ही चंदीगण से अपने गांव आया था और अपने मित्र विशाल 19 के साथ किसी काम से गया था ।रात को अपने घर वापस आ रहा था हरियावर गांव के आगे ढाबा के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार रोड़ पर जा गिरे। आनन फानन में लोगों ने दोनों को बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया और परिजनों को सूचना दी गई। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए तभी डाक्टर ने दोनों को देखा जिसमें गुड्डू की मौत हो चुकी थी और विशाल की हालत गंभीर थी। जिसे डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गुड्डू पांच भाईयों में सबसे छोटा था पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पी एम हाउस भेज दिया। कोई भी परिजन बात नहीं कर रहा था सभी का रो रोकर हाल बुरा था।

# हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ शाह ने 523 हृदय रोगियों का किया परीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संत रणछोड़दास महाराज के कर-कमलों से स्थापित जानकीकुण्ड में श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट से संचालित जानकीकुण्ड चिकित्सालय में विशाल हृदय रोग परीक्षण शिविर हुआ। शिविर में अमेरिका शिकागो से पधारे विश्वविख्यात हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश शाह ने चित्रकूट एवं आस-पास के अंचलो के हृदय रोगियों का परीक्षण कर इलाज किया। शुक्रवार को पूज्य गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर शिविर का शुभारम्भ कर 523 हृदय रोगियों का परीक्षण हुआ। ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डा बीके जैन ने बताया कि यह शिविर सोनाशाह हार्ट फाउन्डेशान यूएसए एवं सदगुरु ट्रस्ट से प्रतिवर्ष लगाया जाता है। चित्रकूट क्षेत्र के आसपास के सभी आमजनमानस को इसका लाभ मिल सके। डॉ प्रकाश शाह के साथ जानकीकुण्ड चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ राजपूत, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ पूनम आडवानी, गहन चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ दीपक शर्मा, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ मुकुल प्रीतम एवं अन्य नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से शिविर का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है।

# स्कूल से घर जा रही छात्रा को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, मौत

**हमीरपुर।** स्कूल से घर जा रही छात्रा को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे छात्रा सड़क गर गिर गई, सिर में गंभीर चोट होने के चलते छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के बदनपुर गांव निवासी देवलाल की 12 वर्षीय पुत्री प्राची शीतलपुर गांव के एक विद्यालय में कक्षा छह में पढ़ती थी। शुक्रवार को प्राची दोपहर में स्कूल की छुट्टी होने पर पैदल घर जा रही थी। तभी रास्ते में ई रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। जिससे छात्रा के सिर में गंभीर चोट आने व अधिक खून बहने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों व ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना के बाद ई रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया है। कोतवाल दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि ई रिक्शा को कब्जे में ले लिया है।

# चीन के रेसिडेंशियल अपार्टमेंट की 15वीं मंजिल में आग:10 लोगों की मौत, 3 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया

**बीजिंग।** चीन के शिंजियांग में एक बिल्डिंग की 15वीं मंजिल में आग लगी गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग देर रात लगी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, इलेक्ट्रिक सॉकेट एक्सटेंशन के चलते आग लगी।

पिछले चार दिन में आग लगने की ये दूसरी घटना है। 22 नवंबर को हेनान प्रांत में एक निजी कंपनी के प्लांट में आग लग गई थी। इसमें 38 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में भी लिया था।पुलिस बोली- देर रात आग लगी

एक पुलिस ऑफिसर ने कहा- देर रात हमें खबर मिली की शिंजियांग की राजधानी उरुमई में एक अपार्टमेंट में आग लगी है। पुलिस टीम और दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई



है। 9 लोग घायल हैं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

पुलिस ऑफिसर ने कहा- इस इलाके की ज्यादातर इमारतें पुरानी हैं। कई तो जर्जर अवस्था में हैं। इनमें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी नहीं है। हालांकि, हम इस बात का पता लगा रहे हैं कि आग कैसे लगी। इस इलाके में आग लगने की घटनाएं आम हैं। हालांकि, पुलिस अकसर लोगों की बीच अवेयरनेस फैलाने की कोशिश करती रहती है। हेनान प्रांत में 38 लोगों की मौत हुई थी

हेनान प्रांत एनयांग शहर के वेनफेंग एरिया में मौजूद ट्रेड कंपनी के प्लांट में आग चीनी समय के मुताबिक सोमवार शाम को 4 बजकर 22 मिनट पर लगी थी। इस पर रात को करीब 11 बजे काबू पा लिया गया था। इसके तुरंत बाद म्यूनिसिपल फायर एंड रेस्क्यू स्क्वॉड ने तुरंत स्पॉट पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। फायर के साथ ही पॉवर सप्लाई, पब्लिक सिक्योरिटी, इमरजेंसी मेडिकल टीम को भी मौके पर बुलाया गया थी। स्थानीय पब्लिक सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने संदिग्धों को हिरासत में ले लिया था।

# ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने भारत की तारीफ की

## भारत को बताया 'अनस्टॉपेबल', दोनों देशों के बीच जल्द साइन होगा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई संसद ने भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को मंजूरी दे दी है। जल्द इस पर साइन किया जाएगा। इसी बीच ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने भारत की तारीफ की है। ऑस्ट्रेलिया के एक मीडिया हाउस ने भारत को अनस्टॉपेबल, यानी कभी न रुकने वाला बताया है।


संसद में स्रझ के पास होने के बाद सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने लिखा- ऑस्ट्रेलिया ने अपने व्यापार पर चीन की पकड़ के जवाब में 'अनस्टॉपेबल इंडिया' के साथ फ्री ट्रेड करने का फैसला लिया है। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के बाद टैक्स में बड़ी राहत मिलेगी।

**10 सालों से चल रही ट्रेड डील की तैयारियां**

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में ऑस्टेलियाई सांसद लिसा सिंह ने लिखा- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ट्रेड डील की तैयारियां पिछ्ले 10 सालों से चल रही थी। ऑस्ट्रेलिया और चीन के ट्रेड रिलेशन कमजोर होने के बाद ऑस्टेलिया ने कभी न रुकने वाले भारत के साथ एग्रीमेंट किया है। ऑस्ट्रेलिया ट्रेड के मामले में चीन पर सबसे ज्यादा निर्भर है, लेकिन 2021 में चीन ने आस्ट्रेलिया के साथ सभी व्यापारिक समझौतों पर रोक लगा दी थी। इसके बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया की नजदीकियां बढ़ीं। पिछ्ले साल दोनों देशों के बीच 27.5 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। चीन की तुलना में ये काफी कम है, लेकिन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को मंजूरी मिलने के बाद भारत के साथ व्यापार करने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

**भारत-ऑस्ट्रेलिया बायलैटरल रिलेशन मजबूत कर रहे**

भारत धीरे-धीरे ऑस्टेलिया के साथ बायलैटरल रिलेशन और रक्षा संबंध मजबूत कर रहा है। दोनों देशों की सेनाएं 28 नवंबर से 11 दिसंबर तक पहली 'ऑस्ट्रा-हिंद' इन्फैंट्री कॉम्बैट एक्सरसाइज करेंगी। सेना के एक अधिकारी ने कहा- इससे सेमी-डेजर्ट टेरेन में



दोनों देशों के साथ में ऑपरेट करने की क्षमता बढ़ेगी।

**तिरंगे में दिखा था ऑस्ट्रेलिया का पुराना पार्लियामेंट हाउस**

एस जयशंकर 10 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया की विजिट पर कैनबरा पहुंचे थे। उनके स्वागत में ऑस्ट्रेलिया का पुराना पार्लियामेंट हाउस तिरंगे की रोशनी में रंगा दिखा था। इस पर उन्होंने कहा था- कैनबरा में तिरंगे के साथ स्वागत। ऑस्ट्रेलिया के पुराने संसद भवन को हमारे राष्ट्रीय ध्वज के रंग में देखकर खुशी मिली।

**मई में PM मोदी से मिले थे ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री**

मई 2022 में जापान में क्वाड (क्र्ष्ठ) समिट हुई थी। इसके इतर PM मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद अल्बनीज ने कहा था- भारत के साथ हमारा संबंध बहुत महत्वपूर्ण है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना एक बड़ा सम्मान था। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच स्ट्रैटेजिक और इकोनॉमिक एजेंडे सहित क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी में आपसी सहयोग पर बात हुई।

उज्बेकिस्तान के समरकंद में स्ष्ठ्ह की मीटिंग से इतर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 50 मिनट बातचीत हुई। इसके बाद अमेरिकी मीडिया ने भारत के क्क्रनरेंद्र मोदी की तारीफ की।

# वायरल वीडियो- गंदे बर्तन साफ करने के लिए कहा तो भड़का मैकडॉनल्ड्स का कर्मचारी, बीच शिफ्ट में ही छोड़ दी नौकरी

**वलिंटन।** अगर कोई आपसे नौकरी के दौरान गंदे बर्तन साफ करने के लिए कहे तो आप क्या करेंगे? आप चाहे जो फैसला लें, लेकिन एक शख्स ने इससे नाराज होकर बीच शिफ्ट में ही नौकरी छोड़ दी। यह पूरा मामला न्यूजीलैंड में मैकडॉनल्ड्स के एक आउटलेट का है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो की शुरुआत गंदे बर्तनों से भरी सिंक से होती है, जिसके बाद एक युवा कर्मचारी से आस्तीन ऊपर करके उन्हें साफ करने के लिए कहा जाता है। इस पर वह कर्मचारी भड़क गया। उसने कहा कि मैं इन्हें साफ नहीं करूंगा। मैं यहां बर्तन साफ करने नहीं आया हूं। मैं तुरंत ही यह नौकरी छोड़ता हूं। शुरुआत में आउटलेट की मैनेजर उस कर्मचारी के व्यवहार पर नाराजगी जताती है, लेकिन बाद में नौकरी नहीं छोड़ने की गुहार लगाती है। वह कहती है कि यहां वापस आओ। इस पर युवा कर्मचारी उसका मजाक उड़ाने लगता है और आउटलेट से बाहर निकल जाता है।

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन बीमार! बैठक में असहज हुए, कुर्सी जोर से पकड़ी, मीडिया रिपोर्ट में दावा

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तबीयत को लेकर फिर एक बार मीडिया रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। कहा गया है कि उनकी हालत गंभीर है। हाल ही में क्यूबा के एक नेता के साथ बैठक के दौरान पुतिन को घबराहट हुई और उन्हें जोर से कुर्सी पकड़ते देखा गया। इस दौरान उनके हाथों का रंग बदलने का भी दावा किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि क्यूबा के नेता मिगुएल डियाज कैनेल वाई बरमूडेज के साथ एक बैठक में पुतिन अचानक असहज हो गए। तभी उन्होंने कुर्सी को कसकर पकड़ लिया। दावा किया गया है कि इस दौरान रूसी राष्ट्रपति के हाथ का रंग बैंगनी हो गया था। द मिरर की रिपोर्ट के अनुसार बैठक के दौरान पुतिन का चेहरा पीला और शरीर फूला हुआ नजर आ रहा था। क्यूबा के नेता के साथ चर्चा में वे पूरी तरह असहज दिखे। बैठक में पुतिन लगातार पैर हिला रहे थे। इसे लेकर कहा जा रहा है कि वे किसी गंभीर बीमार के शिकार हैं। इससे पहले इसी माह आई रिपोर्ट में भी दावा किया गया था कि रूसी राष्ट्रपति किसी गंभीर बीमार के शिकार हैं। वे कई बीमारियों से जूझ रहे हैं और यूक्रेन जंग के बीच उनका स्वास्थ्य और बिगड़ गया है। जंग के तनाव को लेकर उनकी सेहत लगातार बिगड़ रही है। इससे पुतिन के चिकित्सक व उनके परिजन चिंतित बताए गए हैं।यह भी दावा किया गया कि पुतिन को एक घातक बीमारी है, जिसके कारण उनके पाचन तंत्र पर भी असर हो रहा है। वे पिछ्ले कई महीनों से परहेज पर हैं। मीडिया रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया था कि पुतिन को पेटदर्द, घबराहट, खांसी व पार्किंसंस के लक्षण नजर आए हैं।

# मां बनने वाली हैं बिल गेट्स की बेटी जेनिफर गेट्स, बेबी बंप फ्लॉन्ट करती आई नजर

**वाशिंगटन।** बिल गेट्स और मेलिंडा गेट्स की बेटी जेनिफर गेट्स मां बनने वाली हैं। जेनिफर ने इसकी घोषणा इंस्टाग्राम पर की है। उन्होंने पति नायल नासर के साथ बेबी बंप फ्लॉन्ट वाली तस्वीर शेयर करते हुए अपने इंस्टाग्राम कैप्शन में 'थैंक्सफुल' लिखा है। इतना ही नहीं उन्होंने दूध की बोतल और दिल की इमोजी भी साझा की हैं। जानकारी सार्वजनिक होते ही सोशल मीडिया यूजर के साथ उनकी मां ने भी उन्हें बधाई दी है। मेलिंडा गेट्स अपनी बेटी की प्रेग्नेंसी पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए अपनी खुशी का ठिकाना नहीं रख पाईं। पोस्ट पर कमेंट करते हुए उन्होंने लिखा कि मैं इस नन्हे से मिलने और आप दोनों को माता-पिता बनते देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। साथ ही, खुशखबरी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डिजाइनर वेरा वैंग ने लिखा, ÷वाह। एक अद्भुत जोड़ी और आपके नए जुड़ाव के लिए बधाई। मॉडल कार्ली क्लॉस ने भी जोड़े को उनकी खुशखबरी पर बधाई देने के लिए दिल के इमोजी की एक स्ट्रिंग छोड़ी। नायल नासर और जेनिफर गेट्स ने करीब पांच साल तक डेटिंग करने के बाद अक्तूबर 2021 में शादी के बंधन में बंधे थे। जेनिफर द्वारा नायेल के प्रस्ताव के बारे में इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करने के बाद युगल ने 2020 में अपनी सगाई की घोषणा की थी। उनकी शादी न्यूयॉर्क के वेस्टचेस्टर में 142 एकड़ में फैले गेट्स फैमिली फार्म में आयोजित की गई थी। जेनिफर गेट्स के बॉयफ्रेंड नायल नासर मिस्त्र मूल के अमेरिकी पेशेवर घुड़सवार हैं।

# यूक्रेन में अमेरिकी मिसाइल ने मिस किया टारगेट:रूस के रडार सिस्टम को तबाह करने की बजाए खुद के लोगों को किया जख्मी

**कीव।** यूक्रेन ने AGM-88B मिसाइल लॉन्च की। मकसद रूस के रडार सिस्टम को तबाह करना था, लेकिन इसने अपना टारगेट मिस कर दिया । इसके चलते यह मिसाइल पूर्वी यूक्रेन के क्रमाटोर्स्क इलाके में जा गिरी जहां तीन लोग घायल हो गए। अपनी एक रिपोर्ट में न्यूयॉर्क टाइम्स ने इसका खुलासा किया है। यह मिसाइल यूक्रेन को रूस का सामना करने के लिए अमेरिका ने दी थी।

इंवेस्टिगेशन में सामने आया है कि सितंबर में यूक्रेन की तरफ से दागी गई मिसाइल ने खाली अपार्टमेंट को हिट किया था। पिछ्ले 9 महीनों से चल रही रूस-यूक्रेन वॉर में यह पहला ऐसा मामला है जब अमेरिका में बनी किसी मिसाइल ने टारगेट मिस किया हो। AGM-88B एक हाई स्पीड एंटी रेडिएशन मिसाइल है जो ग्राउंड टारगेट को तबाह करने के लिए दागी जाती है। इसका मुख्य काम एयर डिफेंस सिस्टम और रडार सिस्टम को तबाह करने का होता है।

रूस से निपटने के लिए यूक्रेन को लगातार अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों




से मिसाइलें मिल रही हैं।

रूस से निपटने के लिए यूक्रेन को लगातार अमेरिका और दूसरे पश्चिमी देशों से मिसाइलें मिल रही हैं।

**लोगों को रूस ही नहीं अपनी मिसाइलों से भी लग रहा डर**

यूक्रेन के जिस डोनबास इलाके में यह मिसाइल गिरी वहां लगातार रूसी हवाई हमले होते रहते हैं। वहां के लोगों के मुताबिक अब उन्हें अपनी मिसाइलों से भी डर लग रहा है। एक महिला ने बताया कि अब वो लोग थोड़ी सी आवाज होने पर डर जाते हैं। यूक्रेन की डिफेंस मिनिस्ट्री ने इस मामले में कोई भी जवाब देने से इंकार कर दिया है।

**इस महीने यूक्रेन की तरफ से मिसफायर हुई थी मिसाइल**

इसी महीने नवंबर में भी यूक्रेन की 2 मिसाइलें मिस फायर होने के कारण पोलैंड में गिरी थीं। इस मिस फायर में 2 लोगों की मौत हुई थी। शुरूआत में माना जा रहा था कि यह मिसाइल रूस ने दागी हैं। हालांकि, बाद में खुद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, नाटो चीफ और पोलैंड के प्रेसिडेंट ने रूस को क्लीन चिट दे दी थी। प्राइमरी इन्वेस्टिगेशन में सामने आया कि ये मिसाइलें यूक्रेनी सैनिकों की जवाबी कार्रवाई के बाद पोलैंड में गिरी हैं।

**क्यों यूक्रेन के लिए घातक हो सकते हैं ऐसे मिस फायर**

हालांकि जांच में इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि यूक्रेन ने जानबूझ कर ऐसा किया था। इसके बावजूद अगर ऐसी घटनाएं बार-बार होती हैं तो इससे युक्रेन को कई तरह से नुकसान होने की संभावना है।

सबसे बड़ा नुकसान तो यही होगा की इससे लगातार यूक्रेन के लोगों की जान को ही खतरा रहेगा।

दूसरा बड़ा नुकसान होगा की रूस अंतर्राष्ट्रीय स्टेज पर इस तरह के मिस फायर को यूक्रेन की छवि बिगाड़ने के लिए इस्तेमाल करेगा।

यूक्रेन लगातर रूस पर आरोप लगाता रहा है कि वो अपने हमलों में सार्वजनिक जगहों को निशाना बना रहा है। जिसमें अपार्टमेंट्स, स्कूल और अस्पताल शामिल हैं। इस बीच यदि यूक्रेन की मिसाइल टारगेट मिस करती हैं और लोगों को किसी तरह नुकसान होता है तो वो रूस पर इस तरह के कोई आरोप नहीं लगा पाएंगे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि रूस खुद सार्वजनिक जगहों पर हमला कर यूक्रेन पर उसका आरोप लगा रहा है।

# राजनीतिक अनिश्चितता को विराम: अनवर इब्राहिम बने मलेशिया के नए प्रधानमंत्री

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में खंडित जनादेश से पैदा हुई राजनीतिक अनिश्चितता खत्म हो गयी है। आम चुनावों में सर्वाधिक सीटें जीतने वाले पाकतन हरपन गठबंधन के नेता अनवर इब्राहिम मलेशिया के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने कामकाज संभाल लिया है।

हाल ही में मलेशिया में आम चुनाव हुए थे। इन चुनावों में किसी एक दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण राजनीतिक अनिश्चितता बनी हुई थी। सुधारवादी विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम के नेतृत्व वाले पाकतन हरपन गठबंधन को इन चुनावों में सर्वाधिक 82 सीटें मिली थीं। अब आम चुनाव परिणाम आने के पांच दिन बाद नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। देश के नौ राज्यों के राजाओं के साथ एक विशेष बैठक में विचार विमर्श के बाद मलेशिया के सुल्तान अब्दुल्ला अहमद शाह ने



अनवर इब्राहिम को देश का नया प्रधानमंत्री मनोनीत किया है। राजमहल की ओर से जारी एक बयान में इब्राहिम के मनोनयन की जानकारी दी गयी। इब्राहिम मलेशिया के 10वें प्रधानमंत्री होंगे। शाही नियंत्रक फदली शम्सुद्दीन ने बयान जारी कर कहा कि मलय शासकों के विचारों को समझने के बाद सुल्तान ने दातुक सेरी अनवर इब्राहिम को मलेशिया के 10वें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके बाद अनवर इब्राहिम ने स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे प्रधानमंत्री पद का कामकाज संभाल लिया।

मलेशिया के प्रधानमंत्री के बारे में घोषणा अधिकांश दलों द्वारा सुल्तान अब्दुल्ला अहमद शाह के एकता सरकार के गठन के प्रस्ताव पर सहमत होने के बाद की गई।

अनवर इब्राहिम और उनके प्रतिद्वंद्वी पेरिकटन नेशनल (पीएन) के प्रमुख मुहीद्दीन यासिन संसद में बहुमत के लिए आवश्यक 112 सांसदों का समर्थन हासिल करने में असमर्थ थे। इसके बाद गुरुवार को यूनाइटेड मलेशियाई नेशनल ऑर्गनाइजेशन (यूएमएनओ) पार्टी ने बारिसन नेशनल (बीएन) गठबंधन की विपक्ष में रहने की पिछ्ली राय से अलग रुख अपनाते हुए एकता सरकार का हिस्सा बनने की इच्छा व्यक्त की। मलेशिया में अन्य राजनीतिक दलों ने भी यूएमएनओ द्वारा अपनाए गए रुख का समर्थन किया।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा खत्म करने के तत्काल कदम उठाए तालिबान, यूएन ने किया आह्वान

**संयुक्त राष्ट।** काबुल स्थित संयुक्त राष्ट्र मिशन ने तालिबान सरकार से अफगानिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा खत्म करने को कहा है। यूएन ने इसके लिए तत्काल कदम उठाने को कहा है।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि देश में महिला अधिकारी की बुरी स्थिति में सुधार लाने व देश में व्यापक शांति बहाल करने के सार्थक उपाय किए जाना चाहिए। यह आह्वान तब आया है जब दुनिया भर में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए आज अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जा रहा है। आज ही लैंगिक हिंसा के खिलाफ विश्व भर में 16 दिनी अभियान भी शुरू किए गए हैं। भारत में एक नई चेतना अभियान के नाम से महीने भर चलने वाला मिशन शुरू होगा।

**अफगानिस्तान में महिलाओं के खिलाफ सर्वाधिक हिंसा**

अफगानिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा की दर विश्व में सबसे अधिक है। 2021 की गर्मियों के बाद से अफगानिस्तान में महिलाओं के कई मौलिक अधिकार प्रतिबंधित या रद्द कर दिए गए हैं। इन्हें बहाल करने की मांग लगातार उठ रही है।

अफगानिस्तान में यूएन महासचिव की विशेष दूत रोजा ओटुनबायेवा ने कहा कि अफगान महिलाओं के मौलिक अधिकारों की रक्षा करने की जरूरत है। उनके लिए अच्छा वातावरण बनाने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है, ताकि उन्हें सभी प्रकार की हिंसा से मुक्त किया जा सके। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) की प्रमुख ओटुनबायेवा ने कहा कि अफगानिस्तान में स्थिरता, समृद्धि और स्थायी शांति के लिए महिला अधिकारों की रक्षा अहम है।

# देश में दिसंबर में 13 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** डिजिटल बैंकिंग के दौर में भी जरूरी लेनदेन या अन्य महत्वपूर्ण कामकाज को लेकर अगर आपको बैंक जाना जरूरी है, तो यह आपके काम की खबर है। दरअसल साल के आखिरी महीने दिसंबर में बैंकों में 13 दिन अवकाश रहेगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के बैंकों की होने वाली छुट्टियों से संबंधित जारी सूची के मुताबिक दिसंबर में अलग-अलग राज्यों के बैंकों में कुल 13 दिन अवकाश रहेगा। रिजर्व बैंक की गाइडलाइंस के मुताबिक बैंकों की कुल 13 छुट्टियों में हफ्ते का दूसरा एवं चौथा शनिवार और रविवार का अवकाश शामिल है। इसके मुताबिक आप बैंक से जुड़े अपने कामकाज निपटाएं, ताकि कोई समस्या न हो और आपके काम में रुकावट न आए।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# आतंकवाद रोधी समिति के सफल नेतृत्व के लिए यूएनएससी के सदस्यों ने भारत को सराहा

**संयुक्त राष्ट्र।** आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) के भारत के नेतृत्व और पिछ्ले महीने देश में इसकी विशेष बैठक की सफल मेजबानी करने पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्यों ने सराहना की है। यूएनएससी ने इसे एक प्रमुख कार्यक्रम बताया, जिसमें भविष्योन्मुखी दिल्ली घोषणापत्र स्वीकार किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद रोधी समिति ने भारत में संपन्न हुए अपने दो दिवसीय सम्मेलन में 29 अक्टूबर को सदस्य देशों से आतंकवादी गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपील की थी। सम्मेलन में 15 सदस्यीय यूएनएससी के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का स्वागत करते हुए, राष्ट्रपति ने मुंबई में 26/11 के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देकर अपनी यात्रा शुरू करने के लिए उनकी सराहना की।

बैठक के दौरान, राष्ट्रपति को संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि, राजनयिक रुचिरा कंबोज ने सीटीसी के अध्यक्ष के रूप में, यूएनएससी सीटीसी के कामकाज और इसकी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी। माइकल मौसा एडमो, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष और गैबॉन के विदेश मंत्री एवं भारत के विदेश मंत्री, डॉ. एस जयशंकर ने भी राष्ट्रपति को यूएनएससी सीटीसी के विचार-विमर्श के मुख्य पहलुओं और आगे के रास्ते से अवगत कराया, जैसा दिल्ली घोषणा में उल्लिखित है।

# चीन में कोरोना का प्रकोप, 24 घंटे में 32,943 से नए मरीज

**बीजिंग।** दुनिया में कोरोना की रफ्तार बेहद कम होने के बावजूद चीन में इसका प्रसार थम नहीं रहा। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के आंकड़ों के अनुसार देश में एकाएक मरीजों में तेजी देखी जा रही है। पिछ्ले 24 घंटों में 32,943 कोरोना के नए मरीज सामने आए हैं। चीन में कल के मुकाबले कोरोना के नए मरीजों में 1200 से ज्यादा का इजाफा हुआ है। चीन में कोरोना के 31,656 नए मरीज सामने आए थे। इसके मद्देनजर देश में प्रतिबंध बढ़ा दिए



गए हैं। बीजिंग में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बाहर से आने वाले लोगों को अब तीन दिन पुरानी कोरोना रिपोर्ट दिखानी पड़ेगी। गुआंगझोऊ के बैयून में तो सरकार ने लॉकडाउन लगा दिया है।